कोटद्वार, गुरूवार
29 जनवरी 2026
वर्षः 48
अंकः 247 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## कैबिनेट बैठक में लिए महत्वपूर्ण निर्णय



देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। कैबिनेट ने उत्तराखण्ड के ऐसे स्वास्थ्य कार्यकर्ता/स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों को उनके संपूर्ण सेवाकाल में एक बार म्यूचुअल अंडरस्टैंडिंग के आधार पर जनपद परिवर्तन की अनुमति प्रदान की है, जिन्होंने अपने मूल संवर्ग में न्यूनतम 05 वर्ष की सन्तोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हो। उत्तराखण्ड राज्य में आपसी समझौते के आधार पर भू–स्वामियों से लघु/मध्यम/वृहद् परियोजनाओं हेतु भूमि की प्राप्ति किए जाने हेतु प्रक्रिया के निर्धारण के संबंध में भी कैबिनेट ने निर्णय लिया है। भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की सुसंगत धाराओं की प्रक्रियान्तर्गत भूमि अर्जन हेतु लगने वाले अत्यधिक समय एवं सीधे भूमि कय करने की व्यवस्था को प्रोत्साहित किया गया है। इसके तहत आपसी समझौते के आधार पर भू–स्वामियों से भूमि प्राप्त किए जाने की दशा में मुकदमेबाजी जैसे मामलों में कमी आएगी तथा जनहित की परियोजना की लागत भी कम होगी।

जनपद ऊधमसिंहनगर स्थित प्राग फार्म की 1354.14 एकड़ भूमि को औद्योगिक आस्थान विकसित किए जाने हेतु सिडकुल (औद्योगिक विकास विभाग) को हस्तान्तरित किए जाने के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेश में संशोधन करने का निर्णय लिया गया। प्रश्नगत भूमि को किसी व्यक्ति एवं संस्थान या संगठन को बेचने/पट्टे पर देने अथवा किसी अन्य प्रकार से हस्तान्तरित करने का अधिकार पट्टेदार को नहीं होगा। भूमि का उपयोग आवंटन के दिनांक से 03 वर्ष की अवधि में पूर्ण कर लेना अनिवार्य होगा। अन्यथा आवंटन स्वतः निरस्त समझा जाएगा, परन्तु औद्योगिक विकास विभाग के माध्यम से राजस्व विभाग की सहमति से पट्टे पर आवंटित भूमि को समान प्रयोजन हेतु उप पट्टा (सबलेट) करने का अधिकार पट्टेदार को होगा। जनजाति कल्याण विभाग की योजनाओं का संचालन किए जाने के उद्देश्य से अनुसूचित जनजाति बाहुल्य जनपद क्रमशः देहरादून, चमोली, ऊधमसिंहनगर एवं पिथौरागढ़ में विभागीय पदों की आवश्यकता के दृष्टिगत विभागीय ढांचे को पुर्नगठित करने हेतु कैबिनेट ने स्वीकृति प्रदान की है। जिला जनजाति कल्याण अधिकारियों के ढांचे में स्वीकृत 04 पदों का प्राविधान सेवा नियमावली में करने के उद्देश्य से उत्तराखण्ड जनजाति कल्याण राजपत्रित अधिकारी सेवा (संशोधन) नियमावली, 2025 प्रख्यापित करने का निर्णय लिया गया।

राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने और भू–जल के अनियन्त्रित दोहन को सीमित करने के उद्देश्य से औद्योगिक इकाइयों एवं अन्य व्यवसायिक उपयोग, जैसे कि रेजीडेंशियल अपार्टमेंट/ ग्रुप हाउसिंग सोसायटी, होटल, वॉटर एम्यूजमेंट पार्क, वाहन धुलाई सेन्टर, स्वीमिंग पूल इत्यादि हेतु सुरक्षित क्षेत्र, अर्द्ध गम्भीर क्षेत्र, गम्भीर क्षेत्र एवं अतिदोहित क्षेत्र की जल मूल्य/प्रभार की दरों को लागू करने हेतु कैबिनेट ने अपनी स्वीकृति दी है। वाणिज्यक, औद्यौगिक, अवसंरचनात्मक और रेजीडेंशियल अपार्टमेन्ट्स/ग्रुप हाउसिंग सोसायटी हेतु पंजीकरण शुल्क 5000 रूपये देय होगा। राज्य को शिक्षा हब के रूप में विकसित करने और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निजी क्षेत्रों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा जनपद देहरादून में जी.आर.डी. उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय नाम से निजी विश्वविद्यालय स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।

### एक नजर

#### केदारनाथ धाम में जवानों ने बर्फ हटाकर खोला रास्ता

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ में शीतकाल के दौरान कठिन चुनौतियों के बीच उत्तराखंड पुलिस और भारत–तिब्बत सीमा पुलिस के जवान धाम में कड़ी सुरक्षा में लगे हुए हैं। इन दिनों धाम में तापमान माइनस 16 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं इन कठिन परिस्थितियों में भी आईटीबीपी और पुलिस के जवान अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। बीते दिनों यहां बर्फबारी हुई अब फिर से मंगलवार को यहां अच्छी बर्फबारी हुई तो करीब पांच फीट तक बर्फ जम गई। बुधवार को जब मौसम खुला तो जवानों ने बर्फ हटाकर संपर्क मार्गों को खोला। इसके साथ ही जवानों ने अपने बैरक के आसपास से भी बर्फ हटाई। इन दिनों केदारनाथ धाम में पुलिस के 4 और आईटीबीपी के 30 जवान मौजूद हैं।

#### 33 परिवारों पर मंडरा रहा है खतरा, जर्जर हुए मकानों में रहना मुश्किल

नई टिहरी। भिलंगना ब्लॉक के थार्ती नैलचामी गांव में वर्ष 2022 से भूस्खलन का खतरा मंडरा रहा है। गांव के नीचे लगातार हो रहे भू–धंसाव के कारण खतरा बढ़ता जा रहा है। खतरे को देखते हुए गांव के 33 परिवारों के पुनर्वास की प्रशासनिक स्वीकृति के बावजूद अभी तक उनका विस्थापन नहीं हो पाया है जिससे ग्रामीणों को खतरों के साए में रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में कहा कि शीघ्र जमीन तलाश कर प्रभवितों को आवंटित करें। थार्ती नैलचामी के ग्रामीण पिछले तीन साल से खतरों के साए में रहने को मजबूर हैं। वर्ष 2022 में हुई भारी बारिश के कारण गांव के नीचे से भूधंसाव शुरू हो गया था, जो हर साल बढ़कर ग्रामीणों के मकानों तक पहुंचने लगा है। इस कारण गांव के 33 परिवारों के आवासीय मकान काफी जर्जर स्थिति में पहुंच गए हैं। वहां खतरा इतना बढ़ गया है, कि हल्की बारिश होने पर खतरे की जद में आए परिवारों को प्राथमिक स्कूल भवन में शिफ्ट करना पड़ता है। ग्रामीणों ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि गांव के लिए लगातार बढ़ रहे खतरे को देखते हुए 33 परिवारों के विस्थापन की स्वीकृति प्रदान की गई थी, लेकिन अभी तक तहसील प्रशासन उनके लिए सुरक्षित जमीन नहीं तलाश पाया है जिससे आपदा प्रभावित जर्जर हो चुके मकानों में रहने को मजबूर हैं।

इस बावत एसडीएम अलकेश नौडियाल ने कहा कि प्रभावितों के लिए उपयुक्त जमीन मिलते ही आवंटन की कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी। बावजूद कोई परिवार स्वयं जमीन खरीदता है तो उसके बदले अतिरिक्त धनराशि प्रदान की जाएगी। ज्ञापन देने वालों में प्रधान विकास बिष्ट, यशवंत गुसाईं और सुरेश लाल आदि शामिल थे।

#### चाय के खोखे में गैस सिलेंडर फटा, दो लोग घायल

रुड़की। रुड़की क्षेत्र में बुधवार तड़के एक भीषण हादसा हो गया। रामपुर चुंगी के पास स्थित एक चाय के खोखे में अचानक गैस सिलेंडर फटने से जबरदस्त धमाका हुआ। इस दुर्घटना में खोखे में मौजूद दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज दूर तक सुनी गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। रामपुर चुंगी से मच्छी मोहल्ला की ओर जाने वाले मार्ग पर बुधवार तड़के आवाजाही करते समय एक व्यक्ति की नजर चाय के खोखे की ओर पड़ी। देखा की चाय के खोखे में आग लगी है। उसने के खोखे के मालिक को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही खोखा संचालक अपने एक अन्य परिजन के साथ तत्काल घटना स्थल पहुंचा।

#### 13 साल की ईसाई लड़की का अपहरण कर कराया जबरन निकाह

इस्लामाबाद ,पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से एक गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन का मामला सामने आया है, जहां एक नाबालिग ईसाई लड़की का अपहरण कर जबरन इस्लाम धर्म अपनाने और मुस्लिम युवक से शादी कराने का आरोप लगा है। एक प्रमुख मानवाधिकार संगठन ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि यह घटना देश में बच्चों और धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है। वॉयस ऑफ पाकिस्तान माइनॉरिटी (वीओपीएम) के अनुसार, पंजाब के साहीवाल जिले की रहने वाली 13 वर्षीय ईसाई लड़की, जो कक्षा छह की छात्रा है, का कथित तौर पर अपहरण किया गया।

## 30–31 जनवरी को भारी बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट

हल्द्वानी। उत्तराखंड में मौसम में एक बार फिर से बड़ा बदलाव दिखाने वाला है। मौसम विभाग ने 30 और 31 जनवरी को राज्यभर में भारी बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। मौसम निदेशक डॉ. सीएस तोमर के अनुसार, जनवरी के अंत में एक नया सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ उत्तराखंड को प्रभावित करेगा। इसके असर से राज्य के मैदानी इलाकों (जैसे हल्द्वानी, देहरादून, हरिद्वार, उधम सिंह नगर आदि) में तेज बौछारें पड़ने की संभावना है। कई जगहों पर गरज–चमक के साथ ओले भी गिर सकते हैं।

वहीं, ऊंचाई वाले पहाड़ी क्षेत्रों (उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर आदि) में बर्फबारी की संभावना है। 2800 मीटर से अधिक ऊंचाई पर हल्की से मध्यम बर्फ पड़ सकती है, जबकि कुछ जगहों पर भारी बर्फबारी भी हो सकती है। हालांकि हल्द्वानी में बुधवार को अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। लेकिन आने वाले दिनों में बारिश और ओलावृष्टि के कारण तापमान में गिरावट आएगी। जिससे ठंड का अहसास और बढ़ जाएगा।

## झांसा देकर ठग लिए दो करोड़



देहरादून। होटल बिजनेस में पार्टनर बनाने का झांसा देकर मसूरी निवासी व्यक्ति को दो करोड़ रुपये का चूना लगा दिया गया। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत की तो सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद कोर्ट का सहारा लिया। कोर्ट आदेश पर राजपुर थाना पुलिस ने मंगलवार को एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोर्ट में दीपक कुमार रावत निवासी पानीवाली बैंड (मसूरी) ने अपील की। कहा कि वर्ष 2014 में उनकी जान–पहचान गौरव किराड़ निवासी लेन दो, गंगोत्री विहार, कैनाल रोड से थी। दीपक ने जब अपनी पैतृक जमीन बेची तो गौरव ने उससे मिली रकम को इनकम टैक्स से बचाने और अच्छा मुनाफा कमाने का लालच देकर मसूरी में होटल और होस्टल बिजनेस में बतौर पार्टनर निवेश को कहा। गौरव ने भरोसा दिलाया कि लाभ को आधा–आधा बांटा जाएगा। पीड़ित तैयार हो गए। तब मुख्य आरोपी गौरव किराड़ ने टैक्स चोरी का डर दिखाकर सारी रकम अपने अकेले के खाते में न लेकर अपनी कंपनी केदार स्टेट एंड डेवलपर, पत्नी टीना किराड़, पिता सुरेश किराड़ और माता सुनीता किराड़ के बैंक खातों में ट्रांसफर करवाई। मार्च 2022 से लेकर जुलाई 2025 के बीच पीड़ित ने कुल 2.02 करोड़ रुपये से अधिक इन खातों में जमा किए। जब दीपक ने होटल निर्माण की स्थिति पूछी या जमीन दिखाने की जिद की तो आरोपी टाल–मटोल करने लगा। आरोप है कि जब पीड़ित आरोपियों के घर पैसे वापस मांगने पहुंचा तो गौरव और उसके परिजनों ने उसके साथ गाली–गलौज और धक्का–मुक्की की। पीड़ित का दावा है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और परिवार की महिलाओं ने उसे झूठे छेड़छाड़ के मुकदमे में फंसाने की चेतावनी देकर घर से निकाल दिया। पीड़ित ने पहले राजपुर थाने और फिर एसएसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। तब कोई कार्रवाई नहीं हुई। न्यायालय के कड़े रुख के बाद अब राजपुर थाना पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र और धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया है।

## भारत–अमेरिका के रिश्तों में सुधार! जयशंकर और रूबियो की होगी मुलाकात



नई दिल्ली। यूरोपीय संघ के साथ एफटीए वार्ता को अंतिम रूप देने के बाद भारत अपने एक अन्य मजबूत रणनीतिक साझेदार अमेरिका के साथ संबंधों पर ज्यादा फोकस कर रहा है। इसका उदाहरण है कि विदेश मंत्री अगले हफ्ते अमेरिका की यात्रा पर जा रहे हैं। वैसे तो जयशंकर वहां अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो की तरफ से क्रिटिकल मिनिरल्स पर बुलाई गई सहयोगी देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे और पैक्स सिलिका नाम की अमेरिकी पहल का सदस्य बनेगा।

**अलग से होगी दोनों की वार्ता**

इस दौरान जयशंकर–रूबियो की अलग से वार्ता भी होगी। वैसे अभी तक इस बात का कोई संकेत नहीं है कि भारत और अमेरिका के बीच कारोबारी समझौते को लेकर चल रही वार्ता पर सहमति बन गई है। इसके बावजूद जयशंकर की इस यात्रा से दोनों देशों में हाल के महीनों में चल रहे तनाव में कमी आने के संकेत हैं। पिछले एक महीने में अमेरिका के चार प्रमुख सांसद भारत की यात्रा पर आ चुके हैं। इन सांसदों ने विदेश मंत्री जयशंकर समेत भारत के कुछ अन्य प्रमुख नेताओं से मुलाकात की है और द्विपक्षीय संबंधों में आये तनाव को दूर करने की जरूरत भी बताई है।

सूत्रों के मुताबिक दोनों देशों में चल रहे संवाद के क्रम में ही जयशंकर की भावी अमेरिका यात्रा को देखा जाना चाहिए। 'पैक्स सिलिका' में भारत के शामिल होने की घोषणा नये राजदूत सर्जियो गोर ने नई दिल्ली में हाल ही में की थी। इसकी दिसंबर 2025 में शुरूआत हुई थी जिसका मुख्य उद्देश्य अत्याधुनिक उद्योगों के लिए जरूरी तकनीकों में जरूरी दुर्लभ धातुओं की आपूर्ति को सुरक्षित व भरोसेमंद बनाना है।

इस बारे में हाल ही में अमेरिका के वित्त सचिव की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई थी जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हिस्सा लिया था। इसका एक अन्य मुख्य उद्देश्य दुर्लभ धातुओं की आपूर्ति के लिए चीन जैसे देशों पर निर्भरता कम करना भी है।जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, ब्रिटेन, इजरायल, आस्ट्रेलिया जैसे देश इसके सदस्य हैं।सनद रहे कि भारत और अमेरिका के बीच कई महीनों से कारोबारी समझौते पर वार्ता चल रही है लेकिन दोनों पक्षों में अभी तक सहमति नहीं बन पाई है।

भारत–न्यूजीलैंड के बिच हुआाळअ

इस बीच भारत ने न्यूजीलैंड के साथ एफटीए कर लिया है। जबकि यूरोपीय संघ के साथ वार्ता सफलतापूर्वक समाप्त हो गई है। ईयू व भारत ने एक दिन पहले ही एफटीए वार्ता समाप्ति का ऐलान किया है जिस पर अमेरिका में कई तरह की प्रतिक्रियाएं आई हैं। अमेरिका के वाणिज्य सचिव ने कहा है कि इस समझौते से भारत को ज्यादा फायदा होगा।

## पर्यटक की कार बर्फ में फिसलकर खाई में गिरी, एयरबैग से बची जान

नैनीताल। बर्फबारी देखने पहुंचे रामपुर के एक पर्यटक की कार पंगोट–किलबरी मार्ग पर मंगलवार रात बर्फ में फिसलकर खाई में गिर गई।

गनीमत रही कि वाहन करीब 20 फीट नीचे जाकर खाई के बीच रुक गया और एयरबैग खुलने से पर्यटक की जान बच गई। एसआई दीपक कार्की के अनुसार गंजथाना, रामपुर निवासी उमर शम्सी दोस्तों संग नैनीताल घूमने आया था। बुधवार तड़के करीब चार बजे बारिश व बर्फबारी के बाद वह कार से पंगोट–किलबरी मार्ग पर निकल गया। सड़क पर जमी बर्फ के कारण वाहन फिसल गया और अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। उमर की सूचना पर पुलिस और होटल में ठहरे उसके दोस्त भी घटनास्थल पहुंच गए। पुलिस ने युवक को सुरक्षित खाई से बाहर निकाला। इसके बाद वाहन को क्रेन की मदद से खाई से निकाला गया। सड़क पर अत्यधिक फिसलन को देखते हुए फिलहाल मार्ग पर पर्यटक वाहनों और दोपहिया वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है।

### संसद के बजट सत्र का आगाज

## लोकसभा–राज्यसभा के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति मुर्मू ने गिनाई देश की उपलब्धियां



नई दिल्ली ,राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। अपने अभिभाषण के दौरान राष्ट्रपति ने देश की उपलब्धियों को गिनाया और भविष्य के भारत की तस्वीर पेश की। उन्होंने कहा कि मुझे संसद के इस सत्र को संबोधित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। पिछला वर्ष भारत की तीव्र प्रगति और अपनी विरासत को सहेजने के उत्सव के रूप में यादगार रहा। उन्होंने विशेष रूप से 'वंदे मातरमझ् के 150 वर्ष पूरे होने का जिक्र करते हुए बंकिम चंद्र चटर्जी को नमन किया और संसद में इस विषय पर हुई विशेष चर्चा के लिए सभी सांसदों को बधाई दी।

**महापुरुषों के योगदान से नई पीढ़ी को मिली प्रेरणा**

राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संबोधन में देश के महान सपूतों और ऐतिहासिक घटनाओं को याद किया। उन्होंने कहा कि देश ने श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पूरी श्रद्धा के साथ मनाई। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के कार्यक्रमों ने देश में 'एक भारत श्रेष्ठ भारतझ् की भावना को और मजबूत किया है। वहीं, भारत रत्न भूपेन हजारिका की जयंती समारोह ने देश को संगीत और एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया। राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि जब देश अपने पूर्वजों के योगदान को याद करता है, तो इससे नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है और 'विकसित भारतझ् की ओर हमारा सफर और भी तेज हो जाता है।

**सदी के दूसरे चरण में भारत का प्रवेश**

भविष्य की रूपरेखा रखते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि वर्ष 2026 के साथ हमारा देश इस शताब्दी के दूसरे चरण में प्रवेश कर चुका है। भारत के लिए इस सदी के पहले 25 वर्षों का सफर कई बड़ी सफलताओं, गौरवपूर्ण उपलब्धियों और असाधारण अनुभवों से भरा रहा है। उन्होंने पिछले 10–11 वर्षों के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि इस दौरान भारत ने हर क्षेत्र में अपनी नींव मजबूत की है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह वर्ष विकसित भारत की ओर हमारी यात्रा का एक महत्वपूर्ण आधार साबित होगा।

## महाराष्ट्र में डिप्टी सीएम अजित पवार का विमान हादसे में निधन

### लैंडिंग के दौरान रनवे पर क्रैश हुआ प्लेन



बारामती , महाराष्ट्र की राजनीति से एक बेहद दुखद और चौंकाने वाली खबर सामने आई है। राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का बुधवार सुबह एक विमान हादसे में निधन हो गया है। यह दर्दनाक हादसा उनके गृहनगर बारामती में हुआ। जानकारी के मुताबिक, लैंडिंग के दौरान उनका प्राइवेट चार्टर्ड प्लेन रनवे से फिसलकर क्रैश हो गया। इस दुर्घटना में विमान में सवार सभी लोगों की जान चली गई है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (छत्रष्ट्र) ने इस हादसे में अजित पवार समेत कुल 6 लोगों की मौत की आधिकारिक पुष्टि कर दी है।

**आग का गोला बना विमान, सब कुछ जलकर खाक**

हादसा बुधवार सुबह उस वक्त हुआ जब अजित पवार एक निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बारामती जा रहे थे। बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग की प्रक्रिया के दौरान विमान अनियंत्रित होकर रनवे से नीचे उतर गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि विमान में तुरंत आग लग गई और वह देखते ही देखते आग का गोला बन गया। घटनास्थल से जो वीडियो और तस्वीरें सामने आई हैं, वे भयावह हैं। उनमें विमान का मलबा पूरी तरह जला हुआ दिखाई दे रहा है और चारों तरफ धुएं का गुबार है।

**स्टाफ की भी गई जान**

इस विमान में उपमुख्यमंत्री अजित पवार अकेले नहीं थे। उनके साथ उनके

**सुरक्षाकर्मी और निजी**

निजी सहायक , सुरक्षाकर्मी और प्लेन का स्टाफ भी मौजूद था। हादसे के तुरंत बाद सभी के गंभीर रूप से घायल होने की खबर आई थी, लेकिन आग की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि किसी को बचाया नहीं जा सका। छत्रष्ट्र की पुष्टि के बाद यह साफ हो गया है कि इस त्रासदी में कोई जीवित नहीं बचा है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि विमान ने क्रैश लैंडिंग की थी या किसी तकनीकी खराबी के चलते यह हादसा हुआ। जांच एजेंसियां मौके पर पहुंच रही हैं, जिसके बाद ही दुर्घटना की असली वजह सामने आ सकेगी।

### मुख्यमंत्री धामी ने किया दु:ख व्यक्त

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस हृदयविदारक घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि अजीत पवार ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए सदैव करुणा, संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि इस दु:खद हादसे में दिवंगत सभी पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों, सहयोगियों एवं समर्थकों को यह असह्य दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित उत्तराखंड की कैबिनेट ने भी विमान दुर्घटना में दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा ।

## ममता कुलकर्णी का बड़ा फैसला, किन्नर अखाड़ा के महामंडलेश्वर पद से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली ,। ममता कुलकर्णी ने किन्नर अखाड़ा के महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा दे दिया है। कल ही ममता कुलकर्णी ने कहा था कि भगवा वस्त्र पहनना झ्छुक्क का या किसी का एजेंट होना नहीं, उन्होंने कहा था कि वो जल्द ही भगवा वस्त्र उतार देंगी। अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने वीडियो संदेश जारी कर बताया कि पदाधिकारियों की विचार–विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। अब ममता कुलकर्णी का अखाड़े से कोई आधिकारिक संबंध नहीं है, वह न तो पदाधिकारी हैं और न ही सदस्य। डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि ज्योतिष पीठ और संबंधित विवादों के कई ऐतिहासिक पहलू हैं, जिन पर अखाड़ा कोई टिप्पणी नहीं करता। ममता अखाड़े से निकाले जाने के सवाल पर ममता कुलकर्णी ने कहा उन्होंने महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा दिया है।

वास्तव में महामंडलेश्वर का पद वर्षों के आध्यात्मिक अभ्यास और तपस्या से हासिल किया जाता है। सच्चा महंत या महामंडलेश्वर बनने के लिए कई साल तक ध्यान, तपस्या और आध्यात्मिक अनुशासन से गुजरना पड़ता है। अभी तक हम इस पद के योग्य नहीं है। अभी भी हम बहुत सख्त हैं।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का माघ मेला छोड़ने का ऐलान

### काशी के लिए रवाना; बोले– बिना स्नान दुखी मन से लौटना पड़ रहा



प्रयागराज ,शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने प्रयागराज माघ मेला छोड़ दिया है और वह काशी के लिए रवाना हो गए हैं। उन्होंने बुधवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उनका मन इतना व्यथित है कि वे बिना स्नान किए ही विदा ले रहे हैं।

उन्होंने कहा, प्रयागराज हमेशा से आस्था और शांति की धरती रही है। श्रद्धा के साथ यहां आया था, लेकिन एक ऐसी घटना हो गई, जिसकी मैंने कभी उम्मीद नहीं की थी। इस घटना ने मेरी आत्मा को झकझोर दिया। इससे न्याय और मानवता के प्रति मेरा विश्वास कमजोर हुआ है।

शंकराचार्य ने बताया कि उन्होंने जो कहना था, कह दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि कल माघ मेला प्रशासन की ओर से उन्हें एक पत्र और प्रस्ताव भेजा गया था। इसमें कहा गया कि उन्हें पूरे सम्मान के साथ पालकी से संगम तक ले जाकर स्नान कराया जाएगा और फूल बरसाए जाएंगे, लेकिन उन्होंने प्रस्ताव को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा, जब दिल में दुख और गुस्सा हो, तो पवित्र पानी भी शांति नहीं दे पाता।

## शिमला और मनाली में भारी बर्फबारी के कारण हजारों पर्यटक फंसे



शिमला/मनाली , हिमाचल प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों मनाली और शिमला में भारी बर्फबारी के कारण हजारों पर्यटक घंटों तक फंसे रहे। सड़क संपर्क टूटने और यातायात प्रबंधन के विफल होने से इन पर्यटकों को भोजन, गर्म कपड़ों और आश्रय के बिना भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।मनाली में लगभग दो फीट ताजा बर्फबारी हुई है, जिससे 23 जनवरी से नेशनल हाईवे 60 घंटों से अधिक समय तक अवरुद्ध रहा। इस स्थिति ने प्रशासन, सरकार और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। बर्फ हटाने का काम अधूरा रहने और वाहनों के फिसलने के कारण मनाली से कोठी तक लगभग 10 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। कई पर्यटकों ने अपने वाहन छोड़ दिए और पैदल ही होटलों तक पहुँचे, जबकि कई लोगों को पूरी रात कारों के भीतर ही बितानी पड़ी। कुल्लू और मनाली के बीच गोजरा पर 'लेफ्ट बैंक रोडझ् पर भी भारी जाम देखा गया। यहां स्थानीय निवासियों ने आगे आकर फंसे हुए लोगों को भोजन और शरण दी।

एसडीएम रमन कुमार शर्मा ने बताया है कि प्रशासन लगातार काम कर रहा है और यातायात धीरे–धीरे बहाल किया जा रहा है। वहीं प्राधिकरण के अधिकारियों ने दावा किया कि बर्फ हटाने के लिए मशीनरी तैनात की गई है। मौसम विभाग ने 29 जनवरी को और अधिक बारिश व बर्फबारी का अनुमान जताया है, जिसके बाद प्रशासन ने पर्यटकों को अनावश्यक यात्रा से बचने और आधिकारिक सलाह का पालन करने के निर्देश दिए हैं।

## पंजाब के पूर्व मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा के घर पर इनकम टैक्स की रेड

होशियारपुर ,पंजाब के पूर्व उद्योग मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती नजर आ रही हैं। लंबे समय से जांच एजेंसियों के रडार पर चल रहे अरोड़ा के होशियारपुर स्थित आवास पर गुरुवार प्रवर्तन निदेशालय और इनकम टैक्स विभाग की संयुक्त टीम ने छापा मारा। कार्रवाई के दौरान घर में मौजूद दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की गहन जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार, तड़के सुबह भारी सुरक्षा बलों के साथ पहुंची जांच टीम ने आवास के सभी प्रवेश और निकास द्वार बंद कर दिए। इस दौरान किसी को भी घर के भीतर या बाहर जाने की अनुमति नहीं दी गई। टीम ने मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को कब्जे में लेकर वित्तीय रिकॉर्ड खंगालना शुरू कर दिया।

## पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस के केवल दो मामलों की पुष्टि




नई दिल्ली। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने निपाह वायरस संक्रमण से जुड़ी गलत सूचनाओं और अटकलों पर कड़ा रुख अपनाया है। मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मीडिया के कुछ हिस्सों में निपाह वायरस संक्रमण के मामलों को लेकर भ्रामक आंकड़े फैलाए जा रहे हैं। नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल की रिपोर्ट के आधार पर, पिछले साल दिसंबर से अब तक पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस के केवल दो मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों की पुष्टि होने के बाद, केंद्र सरकार ने राज्य सरकार के साथ मिलकर तुरंत कार्रवाई शुरू की। प्रोटोकॉल के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय लागू किए गए, जिसमें संपर्क ट्रेसिंग और निगरानी शामिल है।

**रिपोर्ट्स में खुलासा**

रिपोर्ट्स के अनुसार इन दो मामलों से जुड़े कुल 196 संपर्कों की पहचान की गई। सभी का पता लगाया गया, उनकी निगरानी की गई और परीक्षण कराया गया।

मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार, ये सभी संपर्क नेगेटिव पाए गए। केंद्रीय और राज्य स्वास्थ्य एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों से निगरानी बढ़ाई गई, प्रयोगशाला परीक्षण तेज किए गए और फील्ड जांच की गई।

परिणामस्वरूप, मामलों को समय पर कंट्रोल किया जा सका। अब तक कोई नया मामला सामने नहीं आया है। मंत्रालय ने स्थिति पर निगरानी की बात कही है और सभी आवश्यक स्वास्थ्य उपायों को लागू रखा है।

सरकार ने मीडिया से अपील की गई है कि वे केवल आधिकारिक स्त्रोतों से सत्यापित जानकारी पर भरोसा करें। इससे संक्रमण नियंत्रण में मदद मिलेगी।

**क्या हैं शुरुआती लक्षण?**

शुरुआती लक्षण बुखार, बदन दर्द, सिरदर्द हैं, लेकिन जिन लोगों को बाद में ब्रेन इन्फेक्शन होता है, उन्हें दौरे या मिर्गी, कन्फ्यूजन, लकवा या कोमा हो सकता है। लक्षण दूसरे वायरस से होने वाले दूसरे तरह के ब्रेन इन्फेक्शन जैसे ही होते हैं। कभी–कभी निपाह का पता नहीं चल पाता क्योंकि इसके लिए खास तौर पर टेस्ट नहीं किया जाता।

## सम्पादकीय

# बैकफुट में सरकार !

व्यापक विरोध और डगमगाती राजनीति के बाद शायद यूजीसी का मुद्दा ज्यादा से ज्यादा एक हफ्ते मे खत्म हो जाएगा, पीएम मोदी एफटीए मे व्यस्त थे नहीं तो शायद ये पहले ही खत्म हो जाता। जानना होगा के ये कानून सरकार नहीं लाई थी बल्कि ये पूरी तरह यूजीसी का खुद का प्रोडक्ट था। चूंकि यूजीसी सरकार के अधीन है तो जिम्मेदारी सरकार की भी बनती है, कि इसका हल निकाले। वहीं लोगों मे जो भ्रांतियां फैली उसका समाधान करने सरकार की तरफ से वोट बैंक की खातिर कोई आगे नहीं आया। ये भी सरकार की गलती थी या सोची समझी रणनीति ये तो वक्त बताएगा लेकिन देश भर में अब इतना बवाल होने के बाद सरकार ने इस पर हाई लेवल कमिटि बनाने का ऐलान किया है। हालांकि ये इसका समाधान नहीं है और इससे कुछ हासिल भी नहीं होगा। स्थिति खराब हावड़ाही है, समाज में भी ओर खुद भाजपा में भी, लिहाजा सरकार को अब इसे पूरी तरह होल्ड पर रख देना चाहिए। वहीं पिछले महीने सांसद मे यूजीसी को भंग करने का जो कानून सरकार लाई है, सबसे पहले उसे जल्द से जल्द पास करना चाहिए। उसके बाद जो भी नई संस्था बने उसके लिए जो भी नियम कानून बने, उसमें छात्रों का वर्गीकरण नहीं बल्कि शिक्षा को सवोपरि बनाना चाहिए पक्षों ताकि आगे किसी तरह की भ्रांतियां ना फैले। शिक्षण संस्थानों के लिए बनाए जाने वाले किसी भी नियम कानून मे जाति का उल्लेख नहीं होना चाहिए, जाति के स्थान में सिर्फ "छात्र" लिखा जाना चाहिए क्यूंकि शिक्षण संस्थान शिक्षा के लिए होते हैं और शिक्षा भेदभाव दूर करने के लिए होती है ना कि बढ़ाने के लिए सब सिर्फ छात्र हों और सबको एक समान अधिकार हों। सरकार का लक्ष्य है 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना लेकिन ये तभी सम्भव है जब हम जाति के नाम पर होनेवाले भेदभाव को पूरी तरह समाप्त करें। जातिवाद का अंत किए बिना ये सम्भव नहीं है और इसकी शुरुआत शिक्षण संस्थानों से ही हो सकती है।

# नीतीश कुमार को भारत रत्न देने की चर्चा

**अजीत द्विवेदी**

बिहार और झारखंड दोनों जगह इन दिनों भारत रत्न की चर्चा बहुत हो रही है। रोचक बात यह है कि देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान की चर्चा राजनीतिक कारणों से हो रही है। कुछ साल पहले तक भारत रत्न सम्मान को राजनीति से परे देखा जाता था। लेकिन अब यह राजनीति को प्रभावित करने वाला एक माध्यम बन गया है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले चौधरी चरण सिंह और कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा हुई। इसके बाद चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी ने अपनी पार्टी राष्ट्रीय लोकदल का तालमेल एनडीए के साथ किया और उधर कर्पूरी ठाकुर की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ा रहे नीतीश कुमार फिर से एनडीए में लौटे। अब एक बार फिर नीतीश कुमार को भारत रत्न देने की चर्चा है और इस चर्चा के साथ ही यह भी जुड़ा हुआ है कि उसके बाद उनकी लंबी राजनीतिक पारी का अंत हो जाएगा।

उधर झारखंड की स्थापना में सबसे बड़ी भूमिका निभाने वाले शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की चर्चा है और उसके साथ यह राजनीति जुड़ी है कि उसके बाद हेमंत सोरेन अपनी पार्टी को एनडीए में शामिल कराएंगे। राज्य में जेएमएम और भाजपा की साझा सरकार बनेगी। पता नहीं ऐसा होगा या नहीं लेकिन जेएमएम और भाजपा की साझा सरकार बनने की संभावना को बहुत मजबूत तर्कों से न्यायसंगत ठहराने का प्रयास हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नेता, हिंदुत्व व राष्ट्रवाद समर्थक न्यूज चैनल और सोशल मीडिया में राइटविंग का इकोसिस्टम इस नैरेटिव को बहुत प्रचारित कर रहा है, जिससे लग रहा है कि भाजपा को अपनी प्रासंगिकता बचाने और आदिवासी राजनीति की खोई हुई जमीन को वापस हासिल करने के लिए जेएमएम के साथ जाने की बड़ी जरुरत महसूस हो रही है।

बहरहाल, कुछ दिन पहले पटना में जनता दल यू के मुख्यालय में नीतीश कुमार को भारत रत्न की मांग करने वाले होर्डिंग्स लगे। लेकिन जैसे ही मीडिया में इसकी खबर आई वैसे ही आनन फानन में होर्डिंग्स हटा दी गईं। पिछले दिनों पार्टी के बड़े नेता केसी त्यागी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिी लिखी और उसमें नीतीश कुमार को समाजवादी राजनीति का बचा हुआ 'अनमोल रत्नझ बताते हुए उनको भारत रत्न देने की मांग की। यह चिी सामने आते ही जनता दल यू के नेता केसी त्यागी पर टूट पड़े। कहा गया कि उनकी मांग से पार्टी का कोई संबंध नहीं है। अच्छी बात है कोई संबंध नहीं है तो लेकिन इसके लिए क्या उनको पार्टी से निकाल दिया जाएगा या पार्टी की ओर से यह कहा जाएगा कि उनका पार्टी से कोई लेना देना नहीं है?क्या नीतीश कुमार के लिए भारत रत्न की मांग करके केसी त्यागी ने उनकी गरिमा गिराने वाला काम किया है? ऐसा कतई नहीं है। लेकिन जिस तरह से जनता दल यू के नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है वह उनकी घबराहट और चिंता दिखाती है। ऐसा लग रहा है कि जनता दल यू नेता इस आशंका में जी रहे हैं कि किसी भी समय भाजपा कोई दांव चल सकती है और नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से हटा कर अपना मुख्यमंत्री बना सकती है। नीतीश की पार्टी के नेताओं में भय का यह स्थायी भाव हो गया है। वे भारत रत्न की मांग को भी इसी भय की दृष्टि से देख रहे हैं। लेकिन सवाल है कि क्या भारत रत्न मिलने का मतलब संन्यास लेना होता है? अगर किसी को अपने क्षेत्र की महान उपलब्धियों के लिए भारत रत्न मिले तो क्या उससे यह उम्मीद की जानी चाहिए कि वह उस काम को छोड़ देगा, जिसके लिए उसे भारत रत्न मिला है?अगर कोई ऐसा सोचता है तो देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान की इससे बुरी व्याख्या कुछ नहीं हो सकती है। भारत में पंडित जवाहरलाल नेहरू की मिसाल है, जिनको

**क्या नीतीश कुमार के लिए भारत रत्न की मांग करके केसी त्यागी ने उनकी गरिमा गिराने वाला काम किया है? ऐसा कतई नहीं है। लेकिन जिस तरह से जनता दल यू के नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है वह उनकी घबराहट और चिंता दिखाती है। ऐसा लग रहा है कि जनता दल यू नेता इस आशंका में जी रहे हैं कि किसी भी समय भाजपा कोई दांव चल सकती है और नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से हटा कर अपना मुख्यमंत्री बना सकती है। नीतीश की पार्टी के नेताओं में भय का यह स्थायी भाव हो गया है। वे भारत रत्न की मांग को भी इसी भय की दृष्टि से देख रहे हैं। लेकिन सवाल है कि क्या भारत रत्न मिलने का मतलब संन्यास लेना होता है? अगर किसी को अपने क्षेत्र की महान उपलब्धियों के लिए भारत रत्न मिले तो क्या उससे यह उम्मीद की जानी चाहिए कि वह उस काम को छोड़ देगा, जिसके लिए उसे भारत रत्न मिला है?**



तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने अपनी पहल पर 1955 में भारत रत्न से सम्मानित किया और उसके बाद नेहरू अगले नौ साल तक, अपनी मृत्यु के दिन तक भारत के प्रधानमंत्री बने रहे थे। अगर भारत रत्न पाकर पंडित नेहरू प्रधानमंत्री बने रह सकते हैं तो भारत रत्न पाकर नीतीश कुमार मुख्यमंत्री क्यों नहीं बने रह सकते हैं ! इस तरह की अनगिनत मिसालें हैं। भारत रत्न से सम्मानित होने के बाद सचिन तेंदुलकर ने क्रिकेट नहीं छोड़ दिया या लता मंगेशकर ने गाना नहीं छोड़ दिया था।जिस क्षेत्र में असाधारण कार्य के लिए किसी व्यक्ति को सर्वोच्च सम्मान मिलता है उससे उम्मीद की जानी चाहिए कि वह उस कार्य को आगे जारी रखे। जैसे किसी को साहित्य का सर्वोच्च सम्मान यानी नोबल या बुकर मिलता है तो उससे उम्मीद की जाती है कि वह और श्रेष्ठ साहित्य की रचना करे। यह बात दूसरे क्षेत्र के नोबल पुरस्कार के बारे में भी कही जा सकती है। आखिरी नोबल मिलने के बाद अपना काम जारी रखा तभी मैडम क्यूरी को दूसरी बार नोबल मिला। सो, भारत रत्न मिलना राजनीति से संन्यास की शर्त नहीं है।

तभी सवाल है कि जनता दल यू के नेता इतने आशंकित क्यों हैं? जैसे ही कोई नीतीश कुमार को भारत रत्न देने की बात करता है वैसे ही जदयू नेता अतिवादी प्रतिक्रिया क्यों देने लगते हैं? असल में उनके इस भय या अतिवादी प्रतिक्रिया की जड़ें कहीं और हैं। इसकी बारीकी पर ध्यान देने की जरुरत है। भाजपा ने इस बार बिहार विधानसभा चुनाव से पहले यह ऐलान नहीं किया था कि अगर एनडीए चुनाव जीतेगी तो नीतीश कुमार मुख्यमंत्री होंगे। उसने बार बार कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा। बाद के दिनों में यह भी कहा गया कि सीएम पद की वैकेंसी नहीं है। लेकिन नीतीश को सीएम का चेहरा घोषित नहीं करने का भाजपा ने जो फैसला किया उसका सीधा मतलब था कि मुख्यमंत्री का फैसला विधायकों की संख्या से होगा। अभी संख्या ऐसी है कि दोनों में से कोई पार्टी अकेले दम पर सरकार नहीं बना सकती है। भाजपा अगर चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा को जोड़ ले तब भी उसकी संख्या 117 ही पहुंचती है, जो बहुमत के जादुई आंकड़े 122 से कम है। ऐसे ही अगर नीतीश कुमार पहले की तरह पाला बदलें तो महागठबंधन के साथ मिल कर उनकी संख्या 120 पहुंचती है। इसमें ओवैसी की पार्टी और बसपा को जोड़ने पर आंकड़ा 125 पहुंचता है। लेकिन जाहिर है कि इसमें बहुत जोड़ तोड़ करने की जरुरत होगी और अब नीतीश कुमार व लालू प्रसाद दोनों इस स्थिति में नहीं हैं कि ऐसा कर सकें। दूसरी चुनौती यह है कि अगर ऐसा कोई प्रयास होगा तो अब भाजपा अब चुपचाप तमाशा नहीं देखेगी।

जनता दल यू की असली चिंता यही है कि भाजपा अब अकेले 89 सीट वाली पार्टी है और तीन छोटी सहयोगी पार्टियां लोजपा (आर), हम और रालोमो के 28 विधायक उसके साथ जा सकते हैं। असल में इस बार विधानसभा की जो तस्वीर बनी है वह पहले से काफी अलग है। नीतीश कुमार 85 सीट जीत कर भी उतने मजबूत नहीं हैं, जितने 43 सीट जीत कर थे। इस अंकगणित की वजह से जदयू आशंकित है। हालांकि अभी तक भाजपा ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि वह नीतीश को हटा कर अपना मुख्यमंत्री बनाना चाहती है लेकिन ऐसा भी नहीं है कि उसकी ऐसी चाहत नहीं है।

तभी हर छोटी बड़ी बात पर जदयू के नेता डर जा रहे हैं और उसके पीछे साजिश देखने लग जा रहे हैं। उनको साहस के साथ सामने आना चाहिए और नीतीश कुमार के लिए भारत रत्न की मांग करनी चाहिए। उनको यह संदेश देना चाहिए कि नीतीश भारत रत्न के हकदार हैं और बिहार का मुख्यमंत्री बने रहने के भी हकदार हैं क्योंकि बिहार की जनता ने 202 का बहुमत उनके लिए दिया है।

# बोर्ड ऑफ पीस : ट्रंप का नया ट्रंप—कार्ड

**डॉ. सुधीर सक्सेना**

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बोर्ड ऑफ पीस की शक्ल में अपना ट्रंप—कार्ड यानि तुरूप का पत्ता चल दिया है। बोर्ड ऑफ पीस यानि पीस क्लब को शांति का नोबेल पुरस्कार नहीं मिलने से खफा ट्रंप का अपनी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का उपक्रम माना जा रहा है। उन्होंने पैंसठ देशों के राष्ट्राध्यक्षों को इससे जुड़ने का न्यौता भेजा है और इसका सदस्यता शुल्क होगा एक अरब डॉलर। ट्रंप इस क्लब के चेयरमैन हैं और इसकी कार्यकारिणी में उनके दामाद जोरड कुश्नर और ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर समेत अनेक राजनयिक और धन्नासेठ शामिल हैं। गौरतलब है कि यूएसए के दूसरी बार निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने स्वयं को वेनेजुएला का राष्ट्रपति घोषित करने के साथ ही ग्रीनलैंड पर दावा ठोंक रखा है और वह कनाडा को अमेरिकी राज्य के तौर पर देखने का सपना पाले हुये हैं।

बोर्ड ऑफ पीस की स्थापना की गाथा गत वर्ष युद्ध जर्जर गाजा में शांति—स्थापना की पहल से होती है। अक्टूबर, सन 2023 से प्रारंभ युद्ध में इस्त्रायली कार्रवाई से फलस्तीन को बड़े पैमाने पर तबाही का सामना करना पड़ा। अगस्त—सितंबर में ट्रंप ने टोनी ब्लेयर के सहयोग से गाजा में आंतरिक प्रशासन और आर्थिक बहाली की योजना प्रस्तुत की। प्रस्ताव को इस्त्रायल और हमास ने कुबूल कर लिया। 12 अक्टूबर को ब्लेयर फलस्तीन के उपराष्ट्र?पति हुसैन अल शेख से जोर्डन में मिले। वार्ता सफल रही और उसी शाम ट्रंप ने गाजा—युद्ध के खात्मे और बोर्ड ऑफ पीस के गठन का ऐलान कर दिया। गाजा में युद्ध विराम एक बड़ी घटना थी, लिहाजा संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद ने प्रस्ताव क्रमांक 2803 के जरिये इसका स्वागत किया। जश्न के तौर पर 13 अक्टूबर, 25 को मिस्त्र में शर्म—अल—शेख में बैठक हुई। इसी क्रम में हमास के प्रवक्ता हाजेम कासिम की शीघ्र टेक्नालाजिकल कमेटी के गठन का बयान सामने आया। ट्रंप का अभियान बाला—बाला चलता रहा और अंततः 14 जनवरी को ट्रंप ने विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों को बोर्ड ऑफ पीस से जुड़ने का दावतनामा भेज दिया। अगले ही दिन उन्होंने दंभोक्ति की कि बोर्ड ऑफ पीस दुनिया में कभी भी और कहीं भी गठित किसी भी संगठन से अधिक प्रतिष्ठापूर्ण उपक्रम है। उन्होंने कहा कि इसका मकसद होगा संकटग्रस्त इलाकों में शांति स्थापना, भरोसेमंद और वैध—प्रशासन की बहाली तथा स्थायित्व को बढ़ावा।



सहज समझा जा सकता है कि ट्रंप संयुक्त राष्ट्र संघ के समांतर एक पृथक वैश्विक संगठन की इमारत की ईंटे चिन रहे हैं। बोर्ड आफ पीस की कार्यकारिणी से इस संभावना को बल मिलता है कि ट्रंप इसे निजी क्लब के तौर पर चलाना चाहते हैं। उनका यह उपक्रम शांति स्थापना से अधिक अपनी ताकत और दबदबा बढ़ाने का हथकंडा अधिक लगता है। तो क्या वे यूएनओ को दरकिनार करना चाहते हैं। उन्होंने चेहरे चुन लिये है। इनमें उनके मित्र है, मंत्री हैं और सलाहकार हैं। वह अकारण नहीं है कि इसे उनके अहंकार या दंभ से जोड़कर देखा जा रहा है। मध्यपूर्व में यूएनओ के समन्वयक रहे निकोलाई म्लादेनोव इसके डायरेक्टर जनरल होंगे। कार्यकारिणी के अन्य सदस्य हैं अमेरिका के सेक्रेट्री ऑफ स्टेट मार्को रूबियो, मध्यपूर्व में विशेष दूत स्टीव विटकोफ दामाद कुशनर, ब्रिटन के पूर्व पीएम टोनी ब्लेअर, अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट के मार्क रोवान, राजनीतिक सलाहकार रॉबर्ट गैब्रिएल और वर्ल्ड बैंक के भारतीय मूल के अध्यक्ष अजयपाल सिंह बंगा। ट्रंप के न्यौते पर अलग—अलग प्रतिक्रियाएँ सामने आई हैं। कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने शिरकत की तस्दीक की हैं, वहीं तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगान की प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा है। अल्बानिया के पीएम एदी रामा ने भी आमंत्रण स्वीकार कर लिया है और इसे विश्व मंच पर अल्बानिया की बढ़?ती प्रतिष्ठा का द्?योतक बताया है। अजरबैजान ने जहां इंकार कर दिया है, वहीं फ्रांस के इमैनुएल मैक्रों ने ट्रंप को ठेंगा दिखा दिया है। बड़ी संख्या में मुस्लिम और यहूदी आबादी के अलावा समता, स्वतंत्रता और भ्रातृत्व में फ्रांसीसी निष्ठा जग जाहिर है।

# बॉक्स ऑफिस पर बॉर्डर 2 ने पार किया 70 करोड़ आंकड़ा



सनी देओल की नई फिल्म बॉर्डर 2 23 जनवरी 2026 को रिलीज हुई. अनुराग सिंह की निर्देशित, यह फिल्म भारत की सशस्त्र सेनाओं के असली ऑपरेशन्स पर आधारित है. यह फिल्म जबरदस्त फ्रंटलाइन एक्शन और जवानों के बलिदान को दिखाती है. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार ओपनिंग की. वहीं, शनिवार यानी रिलीज के दूसरे दिन इसके कलेक्शन में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी गई. ओपनिंग डे के बाद दूसरे दिन भी बॉर्डर 2, सुल्तान को चारों खाने चित कर दिया. बॉर्डर 2 में सनी देओल लेफ्टिनेंट कर्नल फतेह सिंह कलेर के रूप में नजर आए हैं, जो सैनिकों का नेतृत्व करते हैं. उनका अभिनय पिछली फिल्म की याद दिलाता है. दिलजीत दोसांझ ने फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिंह सेखों का किरदार निभाया है, जबकि अहान शेट्टी ने नेवी ऑफिसर लेफ्टिनेंट कमांडर जोसेफ नोरोन्हा का किरदार निभाया है. इनकी मौजूदगी एयर फोर्स और नेवी को जमीनी लड़ाई से जोड़ती है.

वरुण धवन ने मेजर होशियार सिंह दहिया का किरदार निभाया है, जो एक बड़े युद्ध वाले रोल में नजर आए हैं. दिलचस्प बात यह है कि बॉर्डर 2 को अच्छे रिव्यू मिले हैं और यह बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है. बॉर्डर के सीक्वल ने पहले ही दिन शानदार कमाई की. मेकर्स के अनुसार, बॉर्डर 2 ने पहले दिन 32.10 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया. ये आंकड़े पिछले साल रिलीज हुई विक्की कौशल की फिल्म छावा (31 करोड़ रुपये) और रणवीर सिंह की ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर (28 करोड़ रुपये) जैसी फिल्मों को पार कर गई.

# दिल्ली कैपिटल्स पर दोहरी मार, गुजरात से मिली हार के बाद कप्तान रोड्रिग्स पर लगा 12 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली , महिला प्रीमियर लीग 2026 में दिल्ली कैपिटल्स को मंगलवार को खेले गए मुकाबले में गुजरात जायंट्स के खिलाफ 3 रन से हार का सामना करना पड़ा था। हार के बाद दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। जेमिमा पर धीमे ओवर रेट की वजह से 12 लाख का जुर्माना लगाया गया है।महिला प्रीमियर लीग की तरफ से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि यह जुर्माना लीग के कोड ऑफ कंडक्ट के तहत मिनिमम ओवर—रेट से जुड़े नियमों के उल्लंघन के कारण लगाया गया है। लीग ने यह भी स्पष्ट किया कि मौजूदा सीजन में यह जेमिमा रोड्रिग्स का पहला ओवर—रेट अपराध था।

हार और जुर्माने का असर दिल्ली कैपिटल्स के पूरे अभियान पर साफ दिखाई दे रहा है। टीम 7 मैचों में छह अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गई है। नेट रन रेट −0.164 हो गया है। इससे प्लेऑफ में पहुंचने की उनकी राह कठिन हो गई है।

प्लेऑफ की संभावना को बनाए रखने के लिए दिल्ली को 1 फरवरी को यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ होने वाले अपने आखिरी लीग मुकाबले में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। गुजरात जायंट्स के खिलाफ मैच में दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी, लेकिन स्नेह राणा और युवा बल्लेबाज निकी प्रसाद ने शानदार संघर्ष दिखाया। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 70 रनों की अहम साझेदारी की, जिसने दिल्ली को मुकाबले में वापस ला दिया। राणा ने 15 गेंदों में 29 रन बनाए, जबकि प्रसाद ने सिर्फ 24 गेंदों पर 47 रनों की तूफानी पारी खेली।



हालांकि, आखिरी ओवर में गुजरात की अनुभवी ऑलराउंडर सोफी डिवाइन ने बेहतरीन संयम दिखाया और सिर्फ नौ रन देकर दिल्ली की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इस जीत के साथ गुजरात जायंट्स ने दिल्ली के खिलाफ इस सीजन का डबल भी पूरा कर लिया। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात जायंट्स ने 9 विकेट पर 174 रन बनाए थे। दिल्ली 8 विकेट पर 171 रन बना सकी और मैच 3 रन से हार गई।

# भाबीजी घर पर हैं फिल्म का ट्रेलर रिलीज



पिछले लगभग एक दशक से टीवी का लोकप्रिय शो 'भाबीजी घर पर हैंझ् अब एक फिल्म के तौर पर बड़े पर्दे पर आ रहा है। पिछले साल निर्माताओं ने इस लोकप्रिय सिटकॉम पर आधारित एक फीचर फिल्म की घोषणा करके प्रशंसकों को चौंका दिया था। अब इंतजार खत्म हुआ और निर्माताओं ने आज फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है। इसमें रवि किशन और मुकेश तिवारी की नई एंट्री हुई है, जबकि दिनेश लाल यादव निरहुआ की भी झलक दिखती है ट्रेलर की शुरुआत ही होती है फेमस डायलॉग 'भाबीजी घर पर हैंझ् से। ट्रेलर की शुरुआत में ही नजर आते हैं विभूति नारायण (आसिफ शेख) और मनमोहन तिवारी (रोहिताश गौर) के साथ। इसके बाद शुरू में ही ट्रेलर में रवि किशन और शुभांगी आत्रे की भी झलक दिखती है। इसके बाद सीरियल की तरह यहां भी ये दोनों किरदार हमेशा की तरह मजेदार बहाने बनाते हुए एक—दूसरे की पत्नियों के करीब रहने के तरीके खोजते नजर आते हैं। विभूति अपने खास मजाकिया अंदाज में अंगूरी तिवारी के पास दूध मांगने जाता है, जबकि मनमोहन तिवारी अन्नू मिश्रा (विदिशा श्रीवास्तव) से कुछ चीनी उधार लेने के लिए जाते हैं।

## दुलकर सलमान की अपकमिंग फिल्म आई एम गेम का फर्स्ट लुक आउट

स्टार एक्टर दुलकर सलमान अपनी धांसू एक्टिंग से लिए जाने जाते हैं। उन्होंने एक से एक फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेरा है। दुलकर सलमान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म आई एम गेम की वजह से चर्चा में है। इस फिल्म को देखने के लिए लोग काफी बेताब है। इस बीच फिल्म का फर्स्ट लुक आउट हो गया है, जो कि इंटरनेट वर्ल्ड में धड़ल्ले से वायरल हो रहा है। दुलकर सलमान का लुक देखकर फैंस सातवें आसमान पर चले गए है। स्टार एक्टर दुलकर सलमान की मलयालम फिल्म आई एम गेम का फर्स्ट लुक आ गया है। मेकर्स ने पोस्टर रिलीज किया, जिसमें दुलकर सूट—बूट में गन थामे मिशन पर निकलते दिख रहे हैं।दुलकर ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए लिखा— होमकमिंग फिल्म किंग ऑफ कोठा के बाद ये उनकी मलयालम में बड़ी वापसी है। इस फिल्म को नहास हिदायत डायरेक्ट कर रहे हैं।

# भारत में टी20 विश्व कप 2026 का मैच कवर नहीं कर पाएंगे बांग्लादेशी पत्रकार

नई दिल्ली ,अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बताया है कि उसने टी20 विश्व कप 2026 के भारत में होने वाले मैचों को कवर करने के लिए बांग्लादेशी पत्रकारों के आवेदन को अस्वीकार कर दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी अधिकारियों ने कहा है कि बांग्लादेश की सरकार और बीसीबी ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए बांग्लादेश क्रिकेट टीम को भारत नहीं भेजने का फैसला किया था और भारत को असुरक्षित बताया था। उसी आधार पर बांग्लादेशी पत्रकारों के वीजा और एक्रिडिएशन आवेदन खारिज कर दिए गए हैं। विश्व कप का आयोजन भारत और श्रीलंका में 7 फरवरी से 6 मार्च तक होना है। आईसीसी द्वारा यह निर्णय बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड द्वारा सुरक्षा कारणों की वजह से अपनी टीम को भारत न भेजने और विश्व कप का बहिष्कार करने के फैसले के बाद लिया गया। डेली स्टार की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कई पत्रकारों ने दावा किया कि कई बांग्लादेशी फोटो जर्नलिस्ट को शुरू में 20 और 21 जनवरी को मंजूरी वाले ईमेल मिले थे,




लेकिन बाद में उनके एक्रेडिटेशन रद्द कर दिए गए। रिपोर्ट में बीसीबी मीडिया कमेटी के चेयरमैन अमजद हुसैन के हवाले से दावा किया गया है कि बांग्लादेश के 130 से 150 पत्रकारों ने एक्रेडिटेशन के लिए अप्लाई किया था।

अमजद ने कहा, जहां तक मुझे पता है, सभी बांग्लादेशी पत्रकारों को रिजेक्ट कर दिया गया था। इस साल करीब 130 से 150 पत्रकारों ने आवेदन किया था, लेकिन किसी को भी एक्रेडिटेशन नहीं मिला। सीनियर पत्रकार, आरिफुर रहमान बाबू, उन चार बांग्लादेशी रिपोर्टरों में से थे जिन्होंने 1996 के आईसीसी विश्व कप को कवर किया था, जिसे भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका ने मिलकर होस्ट किया था।

## एक नजर

### अजीत पंवार के असामयिक निधन पर जताया शोक

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने महाराष्ट्र के डिप्टी चीफ मिनिस्टर अजीत पंवार के असामायिक निधन पर गहरा दुःख और शोक व्यक्त किया है। धीरेंद्र प्रताप ने अजित पंवार को किसान, पिछड़ों और गरीबों के विकास की ललक रखने वाला नेता बताते हुए कहा कि उनके निधन से देश ने एक अच्छे नेता को खो दिया है। उन्होंने अजीत पंवार के महाराष्ट्र के विकास में भूमिका को सरहाते हुए कहा कि उनकी राजनीतिक दृष्टि राज्य और देश तक के लिए काफी व्यापक थी।

### श्रीकोट में गुलदार की चहलकदमी

श्रीनगर गढ़वाल : नगर क्षेत्र सहित श्रीकोट में गुलदार की दहशत बनी हुई है। मंगलवार को श्रीकोट में आवासी बस्ती के बीच लोगों ने एक ही स्थान पर करीब तीन से अधिक बार गुलदार को देखा। इससे लोगों को अपनी सुरक्षा का भय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि गुलदार अंधेरा होते ही आवासीय बस्ती के बीच आ जा रहा है। इसके कारण उनका बाहर निकलना मुश्किल हो रखा है। लोगों की शिकायत पर मंगलवार को पूर्व जिला पंचायत सदस्य लखपत भंडारी व मेयर आरती भंडारी सहित पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। इस दौरान उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की। लोगों ने जिन स्थानों पर अंधेरा है वहां स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की मांग भी की। (एजेंसी)

### जिला गंगा प्लान की देखरेख करने के दिए निर्देश

नई टिहरी। जिला स्तरीय गंगा समिति की बैठक में गंगा संरक्षण और स्वच्छता की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम नितिका खंडेलवाल ने डीएफओ को जिला गंगा प्लान की देखरेख करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने जल संस्थान के ईई और डीपीओ नमामि गंगे को निर्देशित करते हुए कहा कि जीआईएस और संबंधित तकनीकी टीम के साथ समन्वय स्थापित कर सभी हितधारक विभागों और वर्किंग एजेंसियों के सहयोग से जिला गंगा योजना तैयार करने के लिए एक कार्यशाला आयोजित करें। पेयजल निगम के अधीक्षण अभियंता संदीप कश्यप ने शहरी क्षेत्र में सीवेज उत्पादन एवं एसटीपी उपचार क्षमता के बीच अंतर को कम करने की कार्ययोजना की जानकारी दी। डीपीओ नमामि गंगे परियोजना अरुण उनियाल ने परियोजना प्रबंधक, निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई (गंगा) श्रीनगर से प्राप्त रिपोर्ट के हवाले से बताया कि देवप्रयाग में 200 मीटर सीवर लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है, जिससे 17 घरों को जोड़ा जाना प्रस्तावित है। बैठक में डीएफओ पुनीत तोमर और ईओ वासुदेव डंगवाल आदि मौजूद थे।

### टिनशेड पर स्वामित्व देने की मांग को लेकर धरना 15वें दिन जारी

नई टिहरी। केमसारी में टिनशेड आवास को स्थायी रूप से आवंटन करने की मांग को लेकर बांध प्रभावितों का धरना 15वें दिन भी जारी रहा। एक सूत्री मांग को लेकर धरने पर बैठे बांध प्रभावितों ने कहा कि 2002–03 में जब पुरानी टिहरी शहर में पानी भरने लगा था उस समय तक जिनका पुनर्वास नहीं हो पाया था उन्हें बौराड़ी केमसारी में बनाए गए टिनशेड अस्थायी रूप से आवंटित कर शिफ्ट किया गया था। एकता शक्ति संगठन के अध्यक्ष सुरेंद्र खत्री ने बताया कि 23 सालों में लोगों का परिवार बढ़ने पर सब एक कमरे में रहने को मजबूर हैं। जल्द समस्या का समाधान न होने पर अनशन शुरू करने की चेतावनी दी। धरना देने वालों में संगठन के अध्यक्ष सुरेंद्र खत्री, सीताराम, जमीर, पंकज, नीरज, समीम, लियाकत अली, गुड्डी देवी, मंजू, ममता पैन्यूली, सुंदरा देवी बैठी रही।

### मजदूरी बढ़ाने और मोबाइल नेटवर्क में सुधार की जरूरत

नई टिहरी। प्रेस इनफार्मेशन ब्यूरो की पहल पर जिला सभागार में केंद्र सरकार की ओर से पारित वीबी जी राम जी को लेकर मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक किशोर उपाध्याय, डीएम नितिका खंडेलवाल, डीडीओ मो. असलम और पीआईबी के सहायक निदेशक संजीव सुंदरियाल ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। विधायक उपाध्याय ने पहाड़ी राज्यों में मनरेगा मजदूरी बढाने, तकनीक उपयोग के लिए मोबाइल नेटवर्क को बेहतर करने पर जोर दिया। डीडीओ मो. असलम ने मनरेगा और वीबी–जी राज जी की तुलनात्मक जानकारी दी। पीआईबी के सहायक निदेशक सुंदरियाल ने बताया कि योजना में आपदा के कामों, मजदूरी की दरें भी समय–समय पर महंगाई दर के आधार पर बढ़ाने और श्रमिकों की सुरक्षा की व्यवस्था है।

# कविताओं के माध्यम से सिस्टम पर कसा तंज

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : साहित्यिक संस्था साहित्यांचल की ओर से आयोजित काव्य गोष्ठी में कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से सिस्टम पर तंज कसा। काव्य गोष्ठी का उद्घाटन मुख्य अतिथि मेयर शैलेंद्र सिंह रावत, प्रकाश कोठारी व शिव प्रकाश कुकरेती ने संयुक्त रूप से किया। मीना डबराल ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुत दी। गायक यतेंद्र गौड़ ने अपनी गढ़वाली कविता आंखा खोलि की, अंठ धौरी की सुण ले रै मनिखी से वाहवाही लूटी। राकेश मोहन ने अपनी व्यंग्य कविता हम चिल्लाए आजाद हो गया, पहले कौन आसन पर था और अब किसने कब्जाया, हरि सिंह भंडारी ने भगवान श्रीकृष्ण ने द्वारिका में राजधानी बनाया, व्यंग कवि बलवीर सिंह रावत ने उत्तराखंड आज तरुण नौजंवा है, पर इसका जोश जवानी कहां है सुनाकर स्रोताओं को गुदगुदाया। ललन प्रसाद बुड़ाकोटी ने बाबा नागार्जुन पर हे समग्र क्रांति के संस्कृति पुरुष, हे पायावर कवि, मिथिलावासी नागार्जुन सुनाकर जयहरीखाल में बिताए उनके दिनों की याद दिला दी। डॉ. बीना वशिष्ठ ने बालाकोट घटना के बाद वीर सैनिकों के बलिदान पर कहिं हाथ गिरा, कहिं देह गिरी से वातावरण को गमगीन कर दिया। कौशल्या जखमोला ने वंदे मातरम का गायन किया।



आयोजित गोष्ठी में कविता प्रस्तुत करते कवि

# चौराहे में हुआ तिलु रौतेली की प्रतिमा का अनावरण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गढ़वाल के प्रवेश द्वार स्थित नजीबाबाद चौराहे में गढ़वाल की वीरांगना तिलु रौतेली की प्रतिमा का अनावरण हो गया है। ढोल-दमाऊ की थाप पर अनावरण कार्यक्रम किया गया।

महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने प्रतिमा का अनावरण किया। जिसमें विभिन्न संगठनों के लोगों ने भी भाग लिया। दरअसल, कुछ वर्ष पूर्व गढ़वाल की वीरांगना तिलु रौतेली की प्रतिमा को नजीबाबाद चौराहे के एक किनारे पर स्थापित किया गया था। जिसके बाद कई संगठन लगातार प्रतिमा को बीच चौराहे पर स्थापित करने की मांग उठा रहे थे। एक सप्ताह पूर्व नगर निगम ने प्रतिमा को किनारे से हटाकर चौराहे पर स्थापित किया। कार्य पूर्ण होने के बाद बुधवार को महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की वीरांगना तिलु रौतेली के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। तिलु रौतेली साहस, बलिदान व नारी शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने तिलु रौतेली के बलिदान व जीवन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर तिलु रौतेली विचार मंच के अध्यक्ष बीना रावत, जयबीर रावत आदि मौजूद रहे।



प्रतिमा अनावरण के दौरान आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे

# दो पक्षों के बीच हुआ विवाद



**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** पटेल मार्ग स्थित एक दुकानदार की ओर से संप्रदाय विशेष के नाम पर दुकान का नाम रखे जाने पर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दो पक्षों के बीच में सड़क पर विवाद हो गया। घटना से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कुछ युवक पटेल मार्ग स्थित एक कपड़ों की दुकान में पहुंचे और दुकान का नाम बाबा रखे जाने का विरोध करने लगे। युवक दुकानदार से कहते सुनाई दे रहे हैं वह नाम सिर्फ हिंदु समुदाय के लोगों को रखने का ही अधिकार है। जिसके बाद दुकानदार बाबा नाम के बोर्ड को हटाने की बात कहने लगा। साथ ही दुकानदार ने बताया कि उनकी दुकान का नाम तीस वर्ष से यही है। लेकिन, इसके बाद भी यदि किसी को भी इस नाम से आपत्ति है तो वह इस नाम को हटा देंगे। इसी दौरान उक्त स्थान पर युवा कांग्रेस से जुड़े कार्यकर्ता और पदाधिकारी पहुंचते है और वीडियो बना रहे युवकों पर संप्रदायिक माहौल खराब करने का आरोप लगाने लगे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच सड़क पर विवाद होने लगा। बढ़ती हाथापाई को देख कुछ लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने मामले को शांत करवाया।

# जनपद स्तरीय हॉकी टीम का ट्रायल आज

**जयन्त प्रतिनिधि**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम में गुरूवार को जनपद स्तरीय हाकी टीम का चयन ट्रायल करवाया जाएगा। चयन ट्रायल सुबह 11 बजे से शुरू होगा। स्टेडियम इंचार्ज श्याम सिंह डांगी ने बताया कि 30 जनवरी से 2 फरवरी 2026 तक हरिद्वार के वंदना कटारिया स्पोर्टस स्टेडियम में अंडर-18 बालिका वर्ग की राज्य स्तरीय आमत्रंण हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए जनपद स्तर की टीम का चयन ट्रायल किया जाना है। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को निर्धारित तिथि व समय पर स्टेडियम में पहुंचने का आग्रह किया। कहा कि सभी खिलाड़ियों को अपने मूल प्रमाण पत्र साथ लाने अनिवार्य है। कहा कि चयन ट्रायल में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।

# बॉलीवाल में भयांसू व कोटनाली रहा अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : समाज सेवी लीलानंद लखेड़ा की स्मृति में रिखणीखाल के राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में बॉलीवॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में भयांसू व जूनियर वर्ग में कोटनाली प्रथम रहे।

रिखणीखाल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने किया। उन्होंने समाजसेवी लीलानंद लखेड़ा के कार्यो की सराहना की है। कहा कि उनके नाम पर खेल गतिविधियों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। इसी प्रकार से उन्होंने क्षेत्र की महिला मंगल दलों के माध्यम से दी गई प्रस्तुतियों की भी सराहना की। कहा कि महिलाएं अब समाज का महत्वपूर्ण अंग बन गई है। कहा कि महिलाएं संस्कृति व सभ्यता के संरक्षण व संवर्द्धन का कार्य कर रही है। वालीबाल प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग का फाइनल मुकाबला भयांसू व किमगाड़ के मध्य खेला गया, जिसमें भयांसू ने किमगाड़ को 25-22, 25-18 से पराजित किया। जूनियर वर्ग में फाइनल मुकाबला कोटनाली व सिद्धखाल के मध्य खेला गया, जिसमें कोटनाली ने सिद्धखाल को 21-18, 21-15, 21-14 से परास्त कर ट्राफी अपने नाम की। इसके अलावा महिला मंगल दलों की सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिला मंगल दल सिरवाणा प्रथम, बगेड़ा द्वितीय व वल्सा तृतीय रहे। बौद्धिक प्रतियोगिता में इंटर कालेज रिखणीखाल, सिद्धखाल, चौकड़ी, कंचनखेत, खनेताखाल, डाबरी व कुलानीखाल के छात्रों ने प्रतिभाग किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य वीपी कोहली व आयोजन समिति की तरफ से पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर महानंद ध्यानी, जयकृष्ण लखेड़ा, संतोषी देवी, शालनी बलोधी, मोहन सिंह नेगी, पल्लवी अमोला, हरिकृष्ण लखेड़ा, दीपक लखेड़ा, चंद्रशेखर ध्यानी मौजूद रहे।





प्रखंड रिखणीखाल में आयोजित वालीबाल प्रतियोगिता के विजेता टीम को ट्राफी देते हुए आयोजित

# यूजीसी अधिनियम को लागू करने पर जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : यूजीसी अधिनियम को लागू किए जाने पर क्षेत्रीय पार्षदों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अधिनियम को वापस लिया जाना चाहिए।

इस संबंध में पार्षदों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। कहा कि पूरे देश में यूजीसी अधिनियम का विरोध चल रहा है। अधिनियम लागू हो जाने से उच्च शिक्षा व्यवस्था में असमानता व स्थानीय विश्वविद्यालयों में स्वायत्तता की कमी से होने से विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जिससे तत्काल रूप से वापस लिए जाने की आवश्यकता है। पार्षदों ने यूजीसी अधिनियम को जनविरोधी करार दिया। कहा कि अधिनियम लागू होने से विश्वविद्यालय के छात्रों में असमानता का भाव पैदा हो जाएगा, जिससे विश्वविद्यालय के स्वायत्तता में कमी आने से छात्रों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इस अधिनियम के लागू हो जाने से खासकर पर्वतीय क्षेत्र के छात्रों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा, क्योंकि पर्वतीय क्षेत्र के छात्र पहले से संसाधनों की कमी से जूझ रहे है। उन्होंने प्रधानमंत्री से इस अधिनियम को तत्काल वापस लेने की मांग की है। इस मौके पर पार्षद सौरभ नौडियाल, विपिन डोबरियाल, रवींद्र रावत, प्रवेंद्र सिंह रावत, जयप्रकाश ध्यानी, रवींद्र रावत, नयन मोंगिया मौजूद रहे।



कोटद्वार तहसील में उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करते पार्षद

# एकल नृत्य में तनिषा व योगाभ्यास में याशवी रही अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : गणतंत्र दिवस पर एमकेवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान एकल नृत्य में तनिषा व योगाभ्यास प्रतियोगिता में याशवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधन निदेशक प्रकाश चंद्र कोठारी, शिक्षा निदेशिका सिंधु कोठारी ने ध्वजारोण किया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने देशक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। देशभक्ति गीतों पर दी गई नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम सहित अन्य नारे लगाए। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को देश की सेवा के लिए प्रेरित किया। कहा कि हमें अपने देश की सेवा व सुरक्षा के लिए आगे बढ़कर कार्य करना चाहिए। इस दौरान एमकेवीएन इंटरनेशनल स्कूल देवी रोड में बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। एकल नृत्य प्रतियोगिता में कक्षा छः की छात्रा तनिषा व योगाभ्यास में कक्षा चार की छात्रा याशवी रावत ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। छात्रा अक्षशा, आस्था बड़थ्वाल, अंश ने गणतंत्र दिवस पर भाषण दिया। आराध्या ध्यानी की ओर से प्रस्तुत परंपरिक नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा छः के सोमेश बड़थ्वाल व अंग्रेजी भाषण में कक्षा चार के अक्षित ने अव्वल स्थन प्राप्त किया। इस मौके पर विपिन जदली, सुनीता नैथानी आदि मौजूद रहे।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बड़ा पुत्र रजत कुमार वर्मा पुत्र स्व. ऋषिकुमार वर्मा व उसकी पत्नी रागिनी दुर्गापाल पत्नी रजत कुमार वर्मा मेरे कहने सुनने में नहीं है, जिससे मैं व मेरे परिवार के सदस्य खुश नहीं है। मैं अपने पुत्र रजत कुमार वर्मा व उसकी पत्नी रागिनी दुर्गापाल को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उनसे सम्बन्ध विच्छेद करती हूं। आज से मेरा व अथवा मेरे परिवार का किसी भी सदस्य से रजत कुमार वर्मा व उसकी पत्नी रागिनी दुर्गापाल से कोई सम्बन्ध नहीं रह गया है। उपरोक्त द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन के सम्बन्ध में समस्त जिम्मेदारी रजत कुमार वर्मा व उसकी पत्नी रागिनी दुर्गापाल की स्वयं की होगी, इसमें मेरी अथवा मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**बॉबी वर्मा पत्नी स्व0 ऋषिकुमार वर्मा निवासी 121, गोविन्दनगर, काशीरामपुर मल्ला, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल।**

(1568/21)


# विद्यालय के अव्वल विद्यार्थियों को किया सम्मानित



पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विकासखण्ड एकेश्वर के पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी। गढ़वाली व कुमाऊंनी गीतों पर दी गई प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखंड सहकारी समिति के अध्यक्ष प्रवेश पांथरी, विशिष्ट अतिथि विकास खंड एकेश्वर के ज्येष्ठ प्रमुख मुकेश पांथरी व प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। इसलिए इस भविष्य को बेहतर बनाने के लिए उन्हें खूब मेहनत करनी चाहिए। मेहनत करने वालों को सफलता अवश्य प्राप्त होती है। कार्यक्रम में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाली छात्रा रितिका, आकाश रावत, रश्मि व इंटर बोर्ड परीक्षा की अव्वल छात्रा राधिका रमोला, इंद्रा व अनुज को सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसएमसी उपाध्यक्ष किशोर कुमार कैंथोला, प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी, सत्यराज सिंह नेगी, सोनिया देवी आदि मौजूद रहे।

# गर्भवती महिलाओं की स्थिति पर निगरानी रखें : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को निकटतम स्वास्थ्य केंद्रों में ही अधिकतम उपचार मिलेगा। साथ ही 108 एम्बुलेंस के साथ ही विभागीय एंबुलेंस भी निःशुल्क मिलेगी। डीएम ने गर्भवती महिलाओं को निकटतम स्वास्थ्य केंद्रों में ही अल्ट्रासाउंड की सुविधा देने के निर्देश दिए। डीएम ने उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की स्थिति पर निगरानी रखने को कहा। जिन क्षेत्रों में संस्थागत प्रसवों की संख्या कम है वहां संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों की जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सीएमओ कार्यालय में डीएम स्वाति एस भदौरिया ने स्वास्थ्य विभाग के तहत जनपद की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने टीबी जांच के लिए मोबाइल एक्स-रे वाहन को तकनीशियनों व संसाधनों से लैस करने के निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में निर्धारित सभी आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण नियमित रूप से किए जाए। डीएम ने स्वास्थ्य केंद्रों में अल्ट्रासाउंड व्यवस्थाओं को भी सुचारु करने के लिए तकनीशियनों को नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों तक लंबी दूरी तय करने वाली गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड व्यवस्था के लिए साप्ताहिक रोस्टर तैयार करने को कहा। स्वास्थ्य विभाग को विभिन्न जरूरतों के लिए 33.60 लाख की वित्तीय स्वीकृति दी। इस मौके पर सीएमओ डॉ. शिव मोहन शुक्ला, एसीएमओ डॉ. पारुल गोयल, डॉ. विनय त्यागी, रीप प्रबंधक कुलदीप बिष्ट आदि मौजूद रहे।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता-3 / मुरादाबाद द्वारा ई टेण्डर निम्न टेण्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेण्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेण्डर संख्या दिनांक | 297-DRM-MB-25-26 Date 27.01.2026 |
| कार्य का नाम | TSR (P) 55.674 TKM in LKO-RAC section by using Contractor's own SCRS machine in the jurisdiction of Sr.DEN-II/MB. |
| टेण्डर क्लोसिंग दिनांक समय | 19.02.2026 16.00 |
| अनुमानित लागत (₹) | 8,61,72,892.85 |
| धरोहर राशि (₹) | 5,80,900.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 05.02.2026 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 18 माह |

नं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 27.01.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 297/2026

## उत्तर रेलवे

### ई निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेण्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेण्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चैक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेण्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेण्डर संख्या | 298-DRM-MB-25-26 Date-27.01.2026 |
| कार्य का नाम | Supplying, stacking and loading of 65 mm gauge machine crushed stone ballast confirming to Railway Specification (IRS/RDSO-GE/0001: 2023 February 2023 and latest correction slip) at Jhansi / Kabrai depot through commercial rake supply under Sr.DEN/C/MB. |
| टेण्डर क्लोसिंग दिनांक | 19.02.2026 |
| टेण्डर क्लोसिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 3,82,71,800.00 |
| धरोहर राशि | 3,46,400.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 9 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 05.02.2026 |

टेण्डर नं. Sr. DEN-C/Publication/25-26 दिनांक 28.01.2026 301/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# नयार महोत्सव की तैयारियां समय पर पूर्ण करें : सीडीओ

### नयार महोत्सव की तैयारियों को लेकर सीडीओ ने ली समीक्षा बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : आगामी 26 से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय नयार महोत्सव की तैयारियों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने विकास भवन कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध, सुरक्षित एवं प्रभावी तैयारियां पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि नयार महोत्सव का उद्देश्य जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देना, प्राकृतिक व सांस्कृतिक विरासत के साथ साहसिक पर्यटन की संभावनाओं का प्रचार-प्रसार करना तथा स्थानीय युवाओं को सहभागिता और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि नयार फेस्टिवल के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली वायु, भूमि एवं जल क्रीड़ाओं सहित सभी गतिविधियों की समुचित, सुरक्षित एवं समयबद्ध तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि आयोजन की प्रत्येक गतिविधि तय मानकों के अनुरूप होनी चाहिए, जिससे प्रतिभागियों एवं दर्शकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने परिवहन विभाग को वाहनों की पर्याप्त व्यवस्था, मुख्य चिकित्साधिकारी को स्वास्थ्य सेवाओं, आपातकालीन चिकित्सा सुविधा एवं एम्बुलेंस व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का शत-प्रतिशत निर्वहन करते हुए आयोजन को सफल बनाने को कहा। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. शिवमोहन शुक्ला, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने, अधिशासी अभियंता लोनीवि विवेक सेमवाल, जिला मत्स्य अधिकारी अभिषेक मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी सहित अरुण कुमार वर्मा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### हस्तशिल्प एवं पारंपरिक कलाओं के प्रति जागरूक किया

रुद्रप्रयाग। डीआईईटी रतूड़ा में हस्तशिल्प सेवा केंद्र देहरादून की ओर से विद्यार्थियों को स्थानीय हस्तशिल्प एवं पारंपरिक कलाओं के प्रति जागरूक करने के लिए शिल्प प्रदर्शन सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन डीआईईटी रतूड़ा के प्रधानाचार्य सीपी रतूड़ी तथा हस्तशिल्प सेवा केंद्र देहरादून के सहायक निदेशक ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने पारंपरिक शिल्प के संरक्षण तथा विद्यार्थियों को स्वरोजगार एवं आजीविका के साधन के रूप में हस्तशिल्प कौशल अपनाने के लिए कहा। इस दौरान लक्ष्मी नेगी, मंजिता रतूड़ी, किरण खुग्शा और साक्षी की ओर से हैंड निटिंग, उत्तराखंड ऐपण कला, मोमबत्ती निर्माण तथा फ्यूजन क्राफ्ट आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### सीसीटीवी कैमरों से रखी जाएगी कूड़ा फेंकने वालों पर नजर

नई टिहरी। नगर पालिका नई टिहरी में नगर क्षेत्र में घरों का कूड़ा फेंकने वाले लोगों पर सीसीटीवी कैमरों की मद्द से नजर रखी जा रही है। पालिका ने नगर क्षेत्र में 15 ऐसे संभावित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाएं हैं जहां लोग अक्सर कूड़ा फेंक देते हैं। नगर पालिका नई टिहरी ऐसे लोगों पर सीसीटीवी कमरों से नजर रख रही हैं, जो अक्सर घरों का कूड़ा इधर–उधर फेंक देते हैं। पालिका की ओर से नई टिहरी बाजार के समीप , प्रेस क्लब के पास, 9 सी बौराड़ी में दो स्थानों पर, नई टिहरी–बौराड़ी सड़क पर छमुंड के पास, आंचल डेयरी के समीप, ढुंगीधार के दो स्थानों के साथ नगर के विभिन्न जगहों पर सौर ऊर्जा से चलने वाले 15 सीसीटीवी कैमरे लगाएं हैं। सभी कैमरों को पालिका कर्मियों के मोबाइल से जोड़ा गया है। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक प्रीतम सिंह नेगी ने बताया कि लोग रात को घरों से कूड़ा लाकर इधर–उधर फेंक देते हैं। सौर ऊर्जा से चलने वाले इन सीसीटीवी कैमरों को आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर लगाएं जाने की सुविधा है। कैमरों की मद्द से कूड़ा फेंकने वाले की पहचान कर उन पर जुर्माने का प्रावधान रखा गया है। पालिका की ओर नगर को स्वच्छ बनाएं रखने के लिए नाम बताओ–इनाम पाओ योजना संचालित की हुई है। योजना के तहत इधर–उधर कूड़ा फेंकने वाले का नाम बताने वाले को इनाम भी दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से कूड़ा डोर टू डोर आने वाले कूड़ा वाहन में डालने की अपील की है।

### गोधाम को लेकर फैलाई जा रहीं खबरें भ्रामक

रुद्रप्रयाग। अगस्त्यमुनि में स्थापित नए गोधाम को लेकर सोशल मीडिया पर गोवंशों की ओर से समुचित व्यवस्थाएं न होने संबंधी खबरों को अधिकारियों ने भ्रामक व झूठा बताया। जिलाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत अगस्त्यमुनि ने गोधाम का निरीक्षण किया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत ने बताया कि गोधाम में गोवंशों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां साफ–सफाई, भोजन, चारा, पेयजल तथा सुरक्षित आवास की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि गोधाम में निवास कर रहे पशुओं को किसी भी तरह की असुविधा नहीं है। नगर पंचायत अध्यक्ष अगस्त्यमुनि राजेंद्र प्रसाद गोस्वामी ने बताया कि गोशाला की व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से चाक–चौबंद हैं। जिला प्रशासन ने सभी से भ्रामक पोस्ट या अपुष्ट सूचना पर विश्वास न करने की अपील की।

### खेलो इंडिया विंटर खेलों में उत्तराखंड का दमदार प्रदर्शन

देहरादून। युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में 20 से 26 जनवरी तक लेह–लद्दाख के एनडीएस स्टेडियम स्केटिंग रिंग में आयोजित 6 वीं खेलो इंडिया विंटर गेम्स से उत्तराखंड के आइस स्केटिंग खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर लौटे। फिगर स्केटिंग बालक नोविस वर्ग में आदर्श सिंह रावत ने स्वर्ण पदक जीता। आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के छह खिलाड़ी टीम मैनेजर नागेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में प्रतियोगिता में शामिल हुए और विभिन्न वर्गों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

बुधवार को प्रेस क्लब में हुई प्रेसवार्ता में आइस स्केटिंग एसोसिएशन अध्यक्ष शिव पैन्यूली ने स्पर्धा की उपलब्धियों के बारे में बताया कि उत्तराखंड टीम ने बालक व बालिका वर्ग में फिगर और स्पीड स्केटिंग की स्पर्धाओं में देशभर से आए लगभग 500 से अधिक खिलाड़ियों के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

# महंगी बाहरी दवाएं लिखने वाले चिकित्सकों पर होगी कारवाई



## एनआईसी कक्ष में आयोजित हुई भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला कार्यकारिणी बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की जिला कार्यकारिणी की बैठक एनआईसी कक्ष में जिलाधिकारी एवं रेडक्रॉस सोसाइटी की अध्यक्ष जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने जन औषधि केंद्रों में जेनेरिक दवाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल देते हुए स्पष्ट किया कि महंगी बाहरी दवाएं लिखने वाले चिकित्सकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने अभियान चलाकर रेडक्रॉस स्वयं सेवकों की संख्या बढ़ाने हेतु कार्य योजना बनाने तथा आजीवन सदस्यता को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविरों को प्राथमिकता के आधार पर दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा, आपात स्थिति अथवा राहत सामग्री वितरण के लिए रेडक्रॉस समिति को आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय, ताकि अनावश्यक व्यय से बचा जा सके। उन्होंने रेडक्रॉस गतिविधियों के लिए आय के स्थायी स्रोत विकसित करने तथा विकासखंड स्तर पर जरूरतमंदों को कंबल एवं आवश्यक सामग्री वितरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस के कार्यालय सुदृढ़ीकरण की कार्रवाई की जाएगी तथा कंप्यूटर उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी को रेडक्रॉस के लिए एक सक्षम चिकित्साधिकारी को कोषाध्यक्ष नामित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. शिव मोहन शुक्ला, मुख्य शिक्षाधिकारी अत्रेय सयाना, जिला सचिव केसर सिंह असवाल, रक्तदान प्रभारी मदन मोहन नौडियाल, राज्य प्रतिनिधि प्रदीप रावत सहित कार्यकारिणी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

जन औषधि केंद्र, कोटद्वार द्वारा किराया भुगतान न किए जाने पर संबंधित को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी ने रेडक्रॉस का सदस्यता शुल्क देकर इसकी आजीवन सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से रेडक्रॉस से जुड़ने की अपील की।

### आजीवन रेडक्रॉस सदस्यों का डिजिटल डाटा तैयार करें

रक्तदान को लेकर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने अधिक से अधिक नियमित रक्तदाताओं को जोड़ने तथा निरंतर रक्तदान शिविर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सांस्कृतिक दलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य माध्यमों से रेडक्रॉस गतिविधियों के प्रचार–प्रसार के निर्देश दिए। मुख्य शिक्षाधिकारी को विद्यालयों में रेडक्रॉस से जुड़ी गतिविधियां संचालित करने तथा बैगलेस–डे के अवसर पर रचनात्मक व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराने को कहा। डीएम ने आजीवन रेडक्रॉस सदस्यों का डिजिटल डाटा तैयार करने के निर्देश दिए।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिकारियों ने किया स्थलीय निरीक्षण

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : अगस्त्यमुनि में स्थापित गोधाम को लेकर बीते दिनों सोशल मीडिया पर गौवंशों हेतु समुचित व्यवस्था न होने संबंधी भ्रामक एवं झूठी खबरें प्रसारित की जा रही थीं। इन खबरों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को गोधाम का स्थलीय निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की भ्रामक पोस्ट या अपुष्ट सूचना पर विश्वास न करें और सत्यापित जानकारी के लिए आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में बुधवार को मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत अगस्त्यमुनि द्वारा गोधाम का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही सूचनाओं को पूरी तरह भ्रामक एवं निराधार बताया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत ने बताया कि गोधाम में गोवंशों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां साफ-सफाई, भोजन, चारा, पेयजल तथा सुरक्षित आवास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गोधाम में निवास कर रहे पशुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही अफवाहों पर ध्यान न दें तथा गोधाम की वास्तविक स्थिति को समझें। नगर पंचायत अध्यक्ष अगस्तमुनि राजेन्द्र प्रसाद गोस्वामी ने बताया कि गौशाला की व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से चाक-चौबंद हैं। पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा तथा स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

# डीएसपी बलूनी को उत्कृष्ट सेवा पदक मिलने पर गृह क्षेत्र में खुशी की लहर



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पुलिस सेवा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए डीएसपी सुरेन्द्र प्रसाद बलूनी को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यपाल द्वारा उत्कृष्ट सेवा पदक, पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति पत्र एवं डिस्क गोल्ड मेडल से सम्मानित किए जाने पर उनके गृह जनपद एवं मनियारस्यूं क्षेत्र में खुशी की लहर है।

इस उपलब्धि पर क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे मनियारस्यूं क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि सुरेन्द्र प्रसाद बलूनी की प्रारंभिक शिक्षा राजकीय इंटर कॉलेज पुरियाडांग में हुई। इसके बाद उन्होंने हाईस्कूल तक की शिक्षा राजकीय इंटर कॉलेज सकिनखेत से तथा इंटरमीडिएट की शिक्षा इंटर कॉलेज जनता नाहसैण से प्राप्त की। कहा कि सीमित संसाधनों से निकलकर उच्च पद तक पहुंचना और राज्य स्तर पर सम्मान प्राप्त करना क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके सम्मान से पूरे क्षेत्र का मान बढ़ा है।

### मंदिरों में चोरी करने वाले आरोपी ग्रामीणों ने घेराबंदी कर पकड़े

रुद्रप्रयाग। केदारघाटी के लमगोंडी क्षेत्र में मंदिरों में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। बुधवार को मंदिर में चोरी की कोशिश करने पर ग्रामीणों ने मुस्तैदी दिखाते हुए चोरी के सामान से लदे एक वाहन को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने वाहन से घंटियां, त्रिशूल और चिमटे बरामद कर चार आरोपियों (कबाड़ बेचने वाले) को गिरफ्तार कर लिया। सभी हरिद्वार निवासी हैं। बरम्वाड़ी के पाली तोक स्थित नरसिंह मंदिर में चार लोगों ने चोरी की कोशिश की। खेतों में काम कर रही महिलाओं के शोर मचाने पर आरोपी वाहन से भागने लगे। ग्रामीणों ने उनका पीछा कर टेमरिया के पास वाहन को घेर लिया। पूछताछ में आरोपियों के पास न तो गाड़ी के कागज मिले और न ही पहचानपत्र। इसके बाद उन्हें पुलिस को सौंप दिया गया। तलाशी के दौरान वाहन से 225 दरांती, 3 कांसे की घंटियां, 8 चिमटे और 1 छोटा त्रिशूल बरामद हुआ है। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों में सलमान, समीर, कादिर, शाहनजर सभी निवासी मखियाली कला, लक्सर (हरिद्वार) के रहने वाले हैं और कबाड़ी का काम करते हैं। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि पूर्व ग्राम प्रधान अनूप सिंह की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें अधिकारी : एडीएम

### धुमाकोट में लगा बहुउद्देश्यीय शिविर, 14 शिकायतें दर्ज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत विकासखंड नैनीडांडा की न्याय पंचायत कसाणा का बहुउद्देश्यीय शिविर तहसील परिसर धुमाकोट में आयोजित किया गया। शिविर में 14 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं विभिन्न विभागीय योजनाओं के अंतर्गत 77 पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में 520 स्थानीय लोगों ने प्रतिभाग किया।

शिविर की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी अनिल सिंह गर्ब्याल ने की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की पहल पर जनपद की सभी न्याय पंचायतों में अलग-अलग तिथियों में बहुउद्देश्यीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि आम जनमानस को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में प्रतिभाग कर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। अपर जिलाधिकारी ने शिविर के दौरान स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न प्रकार के 104 प्रमाण पत्र भी बनाए गए। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रकीर्ण नेगी, उपजिलाधिकारी धुमाकोट श्रेष्ठ गुनसोला, नोडल अधिकारी शिविर एवं अधिशासी अभियंता जल निगम अजय बेलवाल, अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई पान सिंह, तहसीलदार कुंदन सिंह नयाल, खंड विकास अधिकारी प्रमोद चंद पांडे, नायब नाजिर पुष्कर सिंह, जेई आरईएस विनय भंडारी सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



# जापान में बिखरेंगे सौरव मैठाणी लोक संस्कृति के रंग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति एक बार फिर देश की सीमाओं को पार कर विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाने जा रही है। आगामी 01 फरवरी को टोक्यो, जापान में प्रवासी उत्तराखंडियों द्वारा एक भव्य उत्तराखंड मात्सुरी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध लोकगायक सौरव मैठाणी अपनी सशक्त और भावनात्मक प्रस्तुति से लोक संस्कृति के रंग बिखेरते नजर आएंगे।

यह कार्यक्रम न केवल प्रवासी उत्तराखंडियों के लिए अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर होगा, बल्कि जापान में पहली बार आयोजित होने जा रहा ऐसा उत्तराखंडी सांस्कृतिक उत्सव भी है, जो अपनी विशिष्टता के कारण विशेष महत्व रखता है। कार्यक्रम में उत्तराखंड की संस्कृति, सभ्यता, पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन, लोकगीत एवं लोकनृत्यों की जीवंत झलक देखने को मिलेगी। ढोल-दमाऊ की थाप, लोकगीतों की मिठास और पारंपरिक वेशभूषा में सौरव मैठाणी उत्तराखंड की आत्मा को टोक्यो की धरती पर प्रस्तुत करेंगे। इस ऐतिहासिक आयोजन के मुख्य आयोजक मनमलंग उत्तराखंड फिल्म्स, देसी वॉर्डरोब, मयंक डबराल, बिपिन सैमवाल, मनोज भारद्वाज एवं कुलदीप बिष्ट हैं, जिनके प्रयासों से यह कार्यक्रम साकार हो रहा है। लोक गायक सौरव मैठाणी इससे पूर्व कनाडा, लंदन, दुबई, ओमान, सिंगापुर सहित कई देशों में उत्तराखंड की लोक संस्कृति का परचम लहरा चुके हैं। उनकी गायकी में पहाड़ का दर्द, खुशी, संघर्ष और संस्कृति की आत्मा स्पष्ट रूप से झलकती है, जो श्रोताओं को भावनात्मक रूप से जोड़ देती है।

टोक्यो में आयोजित होने जा रहा यह उत्तराखंड मात्सुरी न केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम है, बल्कि यह उत्तराखंड की पहचान, परंपरा और लोक धरोहर को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का एक ऐतिहासिक प्रयास भी है। यह आयोजन निश्चित रूप से प्रवासी उत्तराखंडियों के लिए अपनापन, स्मृतियां और पहाड़ से जुड़ाव लेकर आएगा, वहीं जापान में उत्तराखंड की संस्कृति की एक नई पहचान भी स्थापित करेगा।



# मुख्यमंत्री ने 1035 सहायक अध्यापकों को दिए नियुक्ति पत्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, पटेल नगर, देहरादून में 1035 सहायक अध्यापक (प्राथमिक शिक्षा) को नियुक्ति पत्र प्रदान किए, जिनमें 17 विशेष शिक्षक भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज से आपके कंधों पर उत्तराखंड के भविष्य को संवारने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आ गई है।

जब किसी बच्चे को गुणवत्तापूर्ण और संस्कारयुक्त शिक्षा मिलती है, तो वह केवल अपना जीवन ही नहीं संवारता, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी अमूल्य योगदान देता है। शिक्षक देश के उज्ज्वल भविष्य के शिल्पकार हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा देने के साथ-साथ उनमें समाज, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की भावना भी विकसित करें, जिससे वे शिक्षा के साथ संस्कारवान और जिम्मेदार नागरिक भी बनें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# वन भूमि अधिनियम के फेर में फंसी कफनौल की पेयजल योजना

नई टिहरी। जल जीवन मिशन के तहत पांच करोड़ की लागत से बन रही कफनौल गांव की पेयजल योजना वन भूमि अधिनियम के पेच की वजह से आगे नहीं बढ़ पा रहा है। वन स्वीकृति नहीं मिलने से पेयजल योजना का कार्य दो वर्षों से बंद पड़ा है। गांव के लोग पुरानी पेयजल व्यवस्था से काम चला रहे हैं। पुरानी पेयजल लाइन पर पानी की मात्रा कम होने से गांव में अधिकांशतः पेयजल किल्लत बनी रहती है। जल जीवन मिशन के तहत कफनौल गांव के 400 परिवारों की पेयजल आपूर्ति के लिए जल जीवन मिशन के तहत पांच करोड़ की लागत से रूपनौल स्त्रोत से सात किमी लंबी पाइप लाइन बिछाई जानी थी जो बन स्वीकृति नहीं मिलने से बंद पड़ी हुई है। पेयजल योजना की स्वीकृति से ग्रामीणों को उम्मीदें जगी थी कि अब उन्हें पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा लेकिन दो वर्ष बाद भी ग्रामीणों को नई योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कार्यदायी संस्था पेयजल निर्माण निगम की ओर से प्रथम फेज के कार्य में पेयजल कनेक्शन भी बांटे गए हैं जिन पर पुरानी योजना का पानी चल रहा है। पेयजल निर्माण निगम उत्तरकाशी के ईई मधुकांत कोटियाल का कहना है कि वन स्वीकृति न मिलने से योजना का कार्य रुका है। प्रथम फेज का कार्य पूरा हो चुका है। नोडल से कुछ आपत्ति लगी थी जिसका जवाब बना कर भेज दिया है।

### गाली–गलौज का विरोध करने पर घर में घुसकर हमला

देहरादून। पटेलनगर थाना क्षेत्र के गोल मार्केट धारावाली में गाली–गलौज का विरोध करने पर एक परिवार पर लाठी–डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी गई शिकायत में कृष्ण निवासी गोल मार्केट ने बताया कि बीते रविवार की रात करीब 8:30 बजे जब वह अपने परिवार के साथ भोजन कर रहे थे, तभी कुछ लोग उनके घर के बाहर आकर अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। बेटा विजय बाहर गया और कारण पूछा तो आरोपियों ने लाठी–डंडों से हमला किया। पीड़ित का आरोप है कि बीच–बचाव के दौरान उनकी पत्नी को गंभीर चोटें आईं। जिन्हें उपचार के लिए दून अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# वन भूमि हस्तांतरण के प्रकरण समय सीमा के अंदर पूर्ण करें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को विभिन्न परियोजनाओं हेतु वन भूमि हस्तानंतरण को लेकर वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने लंबित प्रकरणों निरंतर फॉलोअप करते हुये शीघ्र निस्तारित किये जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने विभिन्न परियोजनाओं हेतु वन भूमि हस्तांतरण के प्रकरणों को अधिकारियों को निरंतर फॉलोअप करते हुए समय सीमा के अंदर पूर्ण करने को कहा। उन्होंने सीए लैंड को एसडीएम के साथ समन्वय करते हुये शीघ्र निराकरण करने, वन विभाग के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर वन विभाग से सम्बंधित प्रकरण को शीघ्र निस्तारण किये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रस्तावक के स्तर पर लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण किये जाने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि फरवरी माह के अंत तक सभी प्रकरणों में आवश्यक कार्यवाही करें। इस दौरान अपर जिला अधिकारी विवेक प्रकाश ने बताया जनपद में वन भूमि हस्तांतरण की सैद्धांतिक स्वीकृत हेतु कुल 85 प्रकरण लंबित हैं, जिसमें पीडब्ल्यूडी विभाग के 68, आरडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाई और शिक्षा विभाग के एक-एक प्रकरण लंबित है। वही पेयजल निगम कर्णप्रयाग के 5, पेयजल निगम गोपेश्वर के 6 और जल संस्थान के 3 प्रकरण लंबित है। बैठक में डीएफओ बद्रीनाथ सर्वेश कुमार दुबे, पेयजल निगम ईई राजेश सिंह, जल संस्थान एई अरुण गुप्ता,आरडब्लूडी ईई अल्ला दिया, ईई पीडब्लूडी नवीन ध्यानी, शिक्षा विभाग से कर्मवीर सिंह सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहें।



# नई टिहरी में मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' का हुआ आयोजन

देहरादून। बुधवार को जिला कार्यालय सभागार, नई टिहरी में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) देहरादून के तत्वावधान में विकसित भारतझ्रगारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन विषय पर मीडिया कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य योजना के प्रावधानों एवं लाभ की जानकारी मीडिया के माध्यम से आम जन तक पहुंचाना रहा। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक टिहरी किशोर उपाध्याय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डीएम नितिका खंडेलवाल, सहायक निदेशक पीआईबी संजीव सुंद्रियाल, जिला विकास अधिकारी मोहम्मद असलम, अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई अविनाश सैनी सहित जनपद के विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक टिहरी किशोर उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारतझ्रगारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के लिए रोजगार और आय सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि विकसित भारतझ्रजी राम जी अधिनियम के अंतर्गत रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ–साथ टिकाऊ ग्रामीण अवसंरचना के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कार्यशाला में प्राप्त सुझावों, संशयों एवं जमीनी स्तर की समस्याओं को शासन एवं केंद्र सरकार के समक्ष रखने का आश्वासन देते हुए कहा कि जल सुरक्षा, ग्रामीण संपर्क मार्ग, आजीविका आधारित अवसंरचना, नेटवर्क कनेक्टिविटी तथा चरम मौसम घटनाओं से निपटने वाले कार्यों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इससे गांवों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाया जा सकेगा।



जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल ने इस अवसर पर कहा कि मनरेगा के नए स्वरूप में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन को लागू करते समय आने वाली व्यवहारिक समस्याओं को स्पष्ट कर शासन स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों तक सुचारु रूप से पहुंच सके। उन्होंने मीडिया से भी अपेक्षा की कि योजनाओं की सही जानकारी जनता तक पहुंचाने में सहयोग प्रदान करें। कार्यशाला में सहायक निदेशक पीआईबी संजीव सुंद्रियाल ने विकसित भारतझ्रजी राम जी अधिनियम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन करना एवं परिवारों की आय सुरक्षा को मजबूत बनाना है।

उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रति ग्रामीण परिवार रोजगार गारंटी को बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है, जिससे पहले की तुलना में अधिक आय सुरक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि यह मिशन चार प्राथमिकता क्षेत्रों में टिकाऊ ग्रामीण अवसंरचना के साथ मजदूरी आधारित रोजगार को जोड़ता है।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com